www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 37.c

26.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 87.400g

चांदी 91.500kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 एआई क्रांति का साक्षी बनता भारत, वैश्विक क्षमता के साथ उद्योगों को मिल रहा नया आकार

होली से पहले खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई 04

वर्ष :08 | अंक :254 | मुंबई ,शुक्रवार , 07 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### सेबी ने लोगों को सनशाइन ग्लोबल एग्रो, उसके निदेशकों की संपत्ति खरीदने को लेकर आगाह किया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने लोगों को सनशाइन ग्लोबल एग्रो और उसके निदेशकों की किसी भी संपत्ति को खरीदने और उसके साथ लेनदेन करने को लेकर आगाह किया है। सेबी ने पाया कि कुछ व्यक्ति या संस्थाएं अवैध रूप से कंपनी की संपत्तियों की खरीद, अवैध कब्जा/ अतिक्रमण कर रही हैं। उसके बाद नियामक ने बयान जारी कर लोगों को आगाह किया है। सेबी ने पिछले सप्ताह जारी एक नोटिस में लोगों को ऐसी किसी भी संपत्ति को खरीदने को लेकर आगाह किया, जिसमें कंपनी और उसके निदेशकों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई हित या अधिकार हो। नियामक ने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को कंपनी और उसके निदेशकों की संपत्ति पर अवैध कब्जा करने या अतिक्रमण करने की अनुमति नहीं है। ऐसे किसी भी कदम को लेकर निर्धारित कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। सेबी ने जुलाई, 2014 में सनशाइन ग्लोबल एग्रो (पूर्व सनशाइन फॉरेस्ट्री प्राइवेट लि.) और उसके निदेशकों को निवेशकों से पूंजी जुटाने के साथ-साथ कोई भी नई योजना शुरू करने से प्रतिबंधित कर दिया था।

### एलुरु में बस ने खड़ी लॉरी को टक्कर मारी, तीन लोगों की मौत

एलुरु जिले में बृहस्पतिवार को एक बस के, खड़ी हुई लॉरी को टक्कर मार देने से तीन यात्रियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हैदराबाद से आ रही रमना ट्रैवल्स की निजी बस ने सुबह करीब पांच बजे चोडिमेला गांव में लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने पीटीआई-भाषा को बताया, घटना में तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने बताया कि बस के चालक की हालत भी गंभीर है। पुलिस के अनुसार, लॉरी को टक्कर मारने के बाद बस यहां सड़क के बीचोंबीच पलट गई। पुलिस ने बताया कि घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है और एलुरु के जिलाधिकारी के. वेत्री सेल्वी यहां घायल यात्रियों से मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# बाबा केदार के आशीर्वाद से आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा: पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा कि 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन होंगी विकसित उत्तराखंड में नए टूरिस्ट डेस्टिनेशनों को विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है**

**प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड दौरा**

▶▶राज्य के मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा मुखीमठ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने और राज्य की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। मुखवा में इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर हम सभी गौरवान्वित हैं।




**पीएम मोदी उत्तराखंड के हर्षिल पहुंचे, मुखीमठ में की मां गंगा की पूजा**



उत्तरकाशी (उत्तराखंड): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक दिन के उत्तराखंड दौरे पर रहे. इस दौरान वो उत्तरकाशी के मुखबा-हर्षिल क्षेत्र पहुंचे. सबसे पहले पीएम मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल मुखबा (मुखीमठ) पहुंचे और यहां उत्तराखंड के पहाड़ी पारंपरिक परिधानों में पूजा अर्चना की. प्रधानमंत्री ने मां गंगा की विधिवत पूजा कर भोग चढ़ाया. इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुखबा में पारंपरिक वेशभूषा में सजी स्थानीय महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया. पहले पीएम जिन्होंने मुखबा में मां गंगा की पूजा अर्चना की: मुखबा में पूजा अर्चना के साथ ही पीएम मोदी ने नया आयाम स्थापित किया है. पीएम मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने समुद्र तल से 8000 फीट की ऊंचाई पर स्थित मुखबा में मां गंगा की पूजा अर्चना की है. बता दें, मुखबा में मां गंगा की पूजा के दौरान पीएम मोदी ने करीब 20 मिनट मंदिर के गर्भगृह में गुजारे.

**आप भूल गए होंगे, हम नहीं भूल सकते**

**हर्षिल दौरे पर पीएम ने याद दिलाया 1962 भारत-चीन युद्ध -पीएम मोदी**

उत्तरकाशी (उत्तराखंड): अपने एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर पीएम मोदी ने उत्तकाशी में मां गंगा के शीतकालीन स्थल मुखबा में पूजा अर्चना की. इसके बाद पीएम ने हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित किया. इस जनसभा में पीएम ने उत्तराखंड में टूरिज्म के विकास पर बात की. यहां उन्होंने पर्यटन के विकास के लिए केंद्र और धामी सरकार की दूरदर्शी योजनाओं को जनता के सामने रखा. वहीं पीएम मोदी ने उत्तराखंड के उन गांवों के विकास की बात भी कही जो सीमा से सटे हैं और जिनके बारे में शायद कम ही लोग जानते हैं.

एजेंसी

उत्तरकाशी (उत्तराखंड): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर्षिल में लोगों ने जोरदार स्वागत किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा. उत्तराखंड में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशनों को विकसित किया जा रहा है. जिससे उत्तराखंड को पर्यटन के साथ लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे.बारामासी पर्यटन का विजनः पीएम मोदी ने कहा कि, केदारनाथ दौरे के दौरान मेरे मुंह से निकल पड़ा कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा. मैं देख रहा हूं कि बाबा केदार के आशीर्वाद से वो भाव सच्चाई में बदल रहे हैं. ये दशक उत्तराखंड का बन रहा है. उत्तराखंड की प्रगति के रास्ते खुल रहे हैं. उत्तराखंड के विकास के लिए जो संकल्प हमने लिए थे, वो संकल्प आज पूरे हो रहे हैं. पीएम ने इसी दिशा को शीतकालीन पर्यटन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा कि, इस माध्यम से उत्तराखंड के आर्थिकी को मजबूती मिलेगी. प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड सरकार को बधाई देते हुए कहा कि, उत्तराखंड सरकार का बारामासी पर्यटन का विजन लोगों को दिव्य अनुभूति से जोड़ने का अवसर देगा।


**इससे साल भर रोजगार के अवसर विकसित रहेंगे.**

इसका बड़ा फायदा उत्तराखंड के स्थानीय लोगों और युवाओं को होगा.केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे को मंजूरीः प्रधानमंत्री ने इस दौरान केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे को केंद्र से मिली मंजूरी का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इस कार्य से श्रद्धालुओं के लिए यात्रा आसान हो जाएगी।

# महाराष्ट्र में शुरू हुआ भाषा विवाद

**आरएसएस नेता के बयान पर फडणवीस ने दी सफाई ,बोले मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है**

**'महाराष्ट्र की भाषा मराठी है, मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया', आरएसएस नेता भैयाजी जोशी की सफाई**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता भैयाजी जोशी ने अपने बयान पर मचे सियासी घमासान पर बात करते हुए कहा कि उनके एक बयान की वजह से गलतफहमी हो गई है। जोशी ने पहले एक टिप्पणी में कहा था कि मुंबई आने वाले हर व्यक्ति को मराठी नहीं सीखनी चाहिए, जिससे चल रहे भाषा विवाद के बीच राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। हालांकि, अब उन्होंने कहा कि मेरे एक बयान की वजह से गलतफहमी हो गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि मुंबई की भाषा मराठी नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा मराठी है। मुंबई महाराष्ट्र में है और स्वाभाविक रूप से मुंबई की भाषा मराठी है।




“ फडनवीस राज्य विधानसभा में शिवसेना (यूबीटी) के सदस्य भास्कर जाधव की मांग के जवाब में बोल रहे थे कि सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी की टिप्पणियों पर अपना रुख स्पष्ट करे कि मुंबई आने वाला व्यक्ति जरूरी नहीं कि मराठी सीखे।

एजेंसी

मुंबई ,महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है और जो कोई भी यहां रहता है उसे इसे सीखना और बोलना चाहिए। फडनवीस राज्य विधानसभा में शिवसेना (यूबीटी) के सदस्य भास्कर जाधव की मांग के जवाब में बोल रहे थे कि सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी की टिप्पणियों पर अपना रुख स्पष्ट करे कि मुंबई आने वाला व्यक्ति जरूरी नहीं कि मराठी सीखे।जोशी ने कहा था कि मुंबई में एक भाषा नहीं है। इसमें कई भाषाएं हैं। कुछ क्षेत्रों की अपनी भाषा है। घाटकोपर की भाषा गुजराती है। गिरगांव में, आपके पास हिंदी बोलने वाले कम और मराठी बोलने वाले अधिक होंगे। इसलिए यह आसान है कि मुंबई आने वाला कोई भी व्यक्ति जरूरी नहीं कि मराठी सीखे। विधानसभा में जब जाधव ने इस पर सरकार से जवाब मांगा तो फड़णवीस ने कहा, ''मैंने नहीं सुना कि भैयाजी ने क्या कहा, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी है।'' उन्होंने कहा, ₹हर किसी को मराठी सीखनी चाहिए और भाषा बोलनी चाहिए। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार अन्य भाषाओं का भी सम्मान करती है। फडणवीस ने कहा, ₹यदि आप अपनी भाषा से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, तो आप अन्य भाषाओं के साथ भी ऐसा ही करते हैं। मुझे यकीन है कि भैयाजी मुझसे सहमत होंगे।₹ इससे पहले दिन में, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने दावा किया कि जोशी की टिप्पणी देशद्रोह के समान है और महाराष्ट्र का अपमान है।

# सनातन धर्म विवादः उदयनिधि स्टालिन को राहत

## सुप्रीम कोट की अनुमति के बिना मामला दर्ज करने पर रोक

**राहत**

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने सनातन धर्म विवाद मामले में उदयनिधि स्टालिन की याचिका पर सुनवाई की.

एजेंसी

नई दिल्लीः सनातन धर्म विवाद मामले में तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है. सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि उदयनिधि के खिलाफ बिना अदालत की अनुमति के कोई और मामला दर्ज नहीं किया जाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट उदयनिधि की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उन्होंने 'सनातन धर्म' पर अपने विवादास्पद बयान को लेकर कई राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को एक साथ जोड़ने की मांग की है.उदयनिधि फिल्म अभिनेता हैं और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं. भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने मामले की सुनवाई की. सीजेआई ने कहा कि एक ही मामले को लेकर और शिकायतें दर्ज नहीं की जानी चाहिए. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता महाराष्ट्र सरकार की तरफ से पेश हुए,



जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी और पी विल्सन ने उदयनिधि का पक्ष रखा.सुनवाई के दौरान, सिंघवी ने तर्क दिया कि पिछली सुनवाई में अदालत ने संकेत दिया था कि एफआईआर को एक साथ जोड़कर कर्नाटक में ट्रांसफर किया जा सकता है.

# महाकुंभ को दहलाने की साजिश नाकाम

**गिरफ्तार आतंकवादी बब्बर खालसा को लेकर डीजीपी ने किया बड़ा खुलाया**



“ उत्तर प्रदेश एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में लजार मसीह नाम के आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि दुनिया का सबसे बड़ा महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित हुआ था।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान की आईएसआई से कथित संबंधों वाले बब्बर खालसा इंटरनेशनल के गिरफ्तार आतंकवादी ने महाकुंभ के दौरान आतंकी हमले की योजना बनाई थी। उत्तर प्रदेश एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में लजार मसीह नाम के आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि दुनिया का सबसे बड़ा महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित हुआ था।प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रशांत कुमार ने कहा कि मसीह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बड़े आतंकी हमले की साजिश रची थी। उन्होंने कहा, हालांकि, धार्मिक सभा में गहन सुरक्षा जांच के कारण वह अपनी योजना को अंजाम देने में विफल रहा। उन्होंने कहा, सीएम के नेतृत्व में अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस है। यूपी पुलिस की एसटीएफ और पंजाब पुलिस द्वारा एक सफल संयुक्त अभियान चलाया गया। 6 मार्च को बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और आईएसआई मॉड्यूल के एक सक्रिय आतंकवादी लजार मसीह को पंजाब से गिरफ्तार किया गया। 3 सक्रिय हैंड ग्रेनेड, 2 सक्रिय डेटोनेटर, 13 कारतूस और 1 विदेशी निर्मित पिस्तौल सहित अवैध हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। डीजीपी कुमार ने कहा कि आतंकवादी मसीह पाकिस्तान की आईएसआई के साथ लगातार संपर्क में था, सीमा पार के आकाओं से ड्रोन के माध्यम से गोला-बारूद और हथियार प्राप्त कर रहा था।

### राहुल गांधी ने धारावी में चमड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों से मुलाकात की

दिल्ली से मुंबई पहुंचे गांधी आज राज मुंबई में ही विश्राम करेंगे और शुक्रवार सुबह अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। कांग्रेस नेता कहा कि शाम को मुंबई में कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ कोई बैठक निर्धारित नहीं है।

एजेंसी



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मुंबई में धारावी का दौरा किया और चमड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों से बातचीत की। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य चमड़ा उद्योग के कार्यबल को पेश आने वाली चुनौतियों को समझना था।गांधी ने जिन विनिर्माण इकाइयों का दौरा किया उनमें चमार स्टूडियो भी शामिल है, जिसे सुधीर राजभर ने स्थापित किया है। धारावी दुनिया के सबसे बड़े चमड़ा केंद्रों में से एक है, जिसमें 20,000 से अधिक चमड़ा विनिर्माण इकाइयां हैं, जिनमें एक लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।कांग्रेस नेता ने कहा, गांधी ने धारावी में चमड़ा उद्योग के श्रमिकों से बातचीत की और उनके मुद्दों को समझने की कोशिश की।

# औचक निरीक्षण पर सरकारी स्कूल में पहुंची सीएम रेखा गुप्ता

**स्कूल, सड़कों की खराब व्यवस्था देश अधिकारियों को फटकार भी लगाई**

“ सीएम गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 55 के शालीमार ग्राम चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर ग्राम चौक और अन्य क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पानी, स्वच्छता और सड़क से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया।



एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया और अपने निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में पेयजल, स्वच्छता और सड़कों की स्थिति का आकलन किया। सीएम गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 55 के शालीमार ग्राम चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर ग्राम चौक और अन्य क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पानी, स्वच्छता और सड़क से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूल, सड़कों की खराब व्यवस्था देश अधिकारियों को फटकार भी लगाई ।शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यहां लोग सीवेज की वजह से परेशान हैं, नालियां अभी तक नहीं बनी हैं। औद्योगिक क्षेत्र में जो काम होना था, वह अभी तक नहीं हुआ है। छोटे मार्केट कॉम्प्लेक्स भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। बड़े मार्केट एरिया में सफाई जैसी समस्या है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार सिर्फ लोगों की समस्याओं और दर्द का विज्ञापन करती थी, लेकिन मैं इन मुद्दों को हल करने की कोशिश करूंगी।

# 'शरीयत की नजर में वह अपराधी, उन्हें खुदा को देना होगा जवाब'

**मैच में मोहम्मद शमी के एनर्जी ड्रिंक पीने पर भड़के मौलाना**

▶▶बरेलवी ने आगे कहा कि अगर वह खेल रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वह स्वस्थ हैं। ऐसी हालत में उन्होंने रोजा नहीं रखा और पानी भी पी लिया। इससे लोगों में गलत संदेश जाता है। रोजा न रखकर उन्होंने गुनाह किया है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।



एजेंसी

टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर एक मुस्लिम मौलवी ने रमजान के पवित्र महीने में 'रोजा नहीं रखने' को लेकर निशाना साधा है। मौलाना शहाबुद्दीन बरेलवी ने कहा कि शमी ने रोजा न रखकर गुनाह किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि रोजा (उपवास) अनिवार्य कर्तव्यों में से एक है। अगर कोई स्वस्थ पुरुष या महिला रोजा नहीं रखता है, तो वह बड़ा अपराधी है। उन्होंने कहा कि भारत के एक प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने मैच के दौरान पानी या कोई अन्य पेय पदार्थ पी लिया। लोग उन्हें देख रहे थे।

**भड़के** — **पीडीपी और हुर्रियत नेता भड़के**

# हम महाराजा हरि सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वालों को शहीद नहीं मानते-बीजेपी

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर में 1931 के शहीदों के मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है। इस मुद्दे को लेकर राज्य विधानसभा से लेकर सड़कों तक पर राजनीतिक दलों के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। हम आपको बता दें कि श्रीनगर केंद्रीय कारागार के बाहर, 1931 में डोगरा महाराजा के सैनिकों की गोलीबारी में 22 लोगों की जान चली गई थी। महाराजा हरि सिंह के खिलाफ विद्रोह के दौरान 13 जुलाई 1931 को डोगरा सेना के सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। जम्मू-कश्मीर में 13 जुलाई को सार्वजनिक अवकाश होता था और राज्यपाल या मुख्यमंत्री श्रीनगर के नौहट्टा इलाके में एक आधिकारिक समारोह में शहीदों को श्रद्धांजलि देते थे। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद इस अवकाश को समाप्त कर दिया गया और अब आधिकारिक समारोह आयोजित नहीं किए जाते। इस मुद्दे को उठाते हुए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीदुर्रहमान पारा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की जयंती पर पांच दिसंबर को पुनः अवकाश देने के साथ-साथ 13 जुलाई को भी सार्वजनिक अवकाश बहाल करने की मांग की।



उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के लिए हुई चर्चा में पीडीपी विधायक पारा ने ऐसे समय में भाग लिया जब उस दौरान नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला सदन की कार्यवाही देखने के लिए दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। पारा ने इस दौरान 13 जुलाई, 1931 को हुई घटना तथा नेकां के संस्थापक द्वारा दिये गये योगदान के महत्व का जिक्र करते हुए दोनों अवकाश को पुनः बहाल करने की मांग की। पारा ने कहा, उन्होंने निरंकुशता के खिलाफ और लोकतंत्र के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है। सदन को, पार्टी संबद्धता और विचारधारा से परे 13 जुलाई की छुट्टी को बहाल करने के लिए एक साथ आना चाहिए और शेख अब्दुल्ला की छुट्टी को भी उनके राजनीतिक कद और योगदान को देखते हुए बहाल करना चाहिए। भाजपा नेता सुनील शर्मा ने पारा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और 13 जुलाई को अवकाश बहाल करने का विरोध किया। उन्होंने कहा, मैं पारा की पार्टी के प्रदर्शन (विधानसभा चुनावों में) के बाद उनके दर्द को समझ सकता हूं। आप महाराजा (हरि सिंह) के राज्य का आनंद ले रहे हैं... शर्मा के इस बयान के बाद नेकां, पीडीपी सहित निर्दलीय विधायकों ने विरोध जताया तथा दोनों ओर से नारेबाजी शुरू हो गई। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) सदस्य एमवाई तारिगामी और कांग्रेस नेता निजामुद्दीन भट ने भी 1931 के शहीदों के खिलाफ की गई टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाने तथा नेता प्रतिपक्ष के माफी मांगने की मांग की। बाद में विधानसभा अध्यक्ष ने अपमानजनक टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाने की घोषणा की, जिसके बाद भाजपा के सभी 28 सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

“ इस मुद्दे को उठाते हुए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीदुर्रहमान पारा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की जयंती पर पांच दिसंबर को पुन: अवकाश देने के साथ-साथ 13 जुलाई को भी सार्वजनिक अवकाश बहाल करने की मांग की।

# झारखंड विधानसभा में बीजेपी ने सौंपी बाबूलाल मारंडी को कमान

**विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला**



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण (सांसद) को इस प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। मरांडी का चयन भाजपा के झारखंड में अपनी स्थिति को मजबूत करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने का संकेत देता है क्योंकि पार्टी राज्य में आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में अपने विधायक दल का नेता नियुक्त किया। रांची में आयोजित एक बैठक के दौरान, मरांडी, जो झारखंड भाजपा अध्यक्ष भी हैं, को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। उनकी नियुक्ति राज्य में अपने नेतृत्व को मजबूत करने के लिए पार्टी के रणनीतिक प्रयास के बीच हुई है। फैसले से पहले, भाजपा संसदीय बोर्ड ने बुधवार को पार्टी के विधायक नेता के चुनाव की निगरानी के लिए दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों की घोषणा की थी। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण (सांसद) को इस प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। मरांडी का चयन भाजपा के झारखंड में अपनी स्थिति को मजबूत करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने का संकेत देता है क्योंकि पार्टी राज्य में आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार है। वहीं, झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को नाटकीय मोड़ देखने को मिला जब भाजपा विधायकों ने विरोध स्वरूप सदन से बहिर्गमन किया।


पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया।

## सम्पादकीय

### नई शिक्षा नीति का बेतुका विरोध, भाषा के नाम पर इसमें अड़ंगा वाला रवैया ठीक नहीं

देश में नई शिक्षा नीति चार वर्ष पहले लागू की गई थी। अब उसका तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है, लेकिन तमिलनाडु जैसे कुछ राज्य अपने चुनावी हित के लिए भाषा के नाम पर इसमें अड़ंगा लगा रहे हैं। उनका यह रवैया ठीक नहीं है, क्योंकि देश की शिक्षा व्यवस्था में समकक्षता तथा स्तरीय समानता लाना परम आवश्यक है।अपेक्षा तो यही थी कि स्वतंत्र भारत में नेताओं की जो नई पीढ़ियां आएंगी और सत्ता संभालेंगी वे भी उन्हीं आदर्शों का पालन करेंगी जिन पर चलकर स्वतंत्रता मिली थी लेकिन अफसोस कि ऐसा करने वाले गिनती के लोग रह गए हैं। नई शिक्षा नीति हमारी इसमें मदद कर सकती है लेकिन तभी जब उसे अमल में लाने के लिए सभी अपना योगदान करेंइसमें दो राय नहीं कि सभी राज्यों के अधिकारियों और विशेषज्ञों के सहयोग से बनी नई शिक्षा नीति देश की शिक्षा प्रणाली को भारत की संस्कृति और ज्ञान परंपरा से जोड़ने में पूरी तरह सक्षम है।यह ज्ञान-सृजन में भारत की अग्रणी भागीदारी भी लक्षित करती है।इसमें ऐसी भावी पीढ़ी तैयार करने की क्षमता है, जो भारत के प्रति समर्पित होगी और उसकी विविधता में एकता को साकार कर विश्व के समक्ष उदाहरण बनाकर प्रस्तुत कर सकने की सामर्थ्य से परिपूर्ण होगी।उसमें भारतीय मूल्यों की समझ तो होगी ही, उसकी सराहना का भाव उसमें स्वतः ही अंतर्निहित हो जाएगा, लेकिन यह सब तभी संभव होगा, जब शिक्षा नीति का केवल राजनीति के कारण विरोध कर उसके क्रियान्वयन में बाधाएं उत्पन्न न की जाएं। हर सरकार और विशेष रूप से तमिलनाडु की स्टालिन सरकार को यह समझना चाहिए कि उसके निर्णय भारत के युवाओं की आशाओं और अपेक्षाओं पर सदैव खरे उतरें। स्टालिन सरकार को नहीं भूलना चाहिए कि उसका आचरण भारत की नई पीढ़ी को प्रभावित करने वाला है। जनता के विश्वास पर खरा उतरना हर सरकार का नैतिक कर्तव्य है। ऐसा करने में पक्ष या विपक्ष में होने से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए, लेकिन दुख की बात है कि इस उत्तरदायित्व को अनेकानेक अवसरों पर भुला दिया जाता है। दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है, लेकिन यहां के हालिया विधानसभा चुनाव सारे देश के लिए आकर्षण और उत्सुकता का केंद्र बने रहे। विभिन्न दलों ने जिस ढंग से चुनाव प्रचार के समय एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए, जिस भाषा का उपयोग किया, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में हो रहे शालीनता के इस हनन का बच्चों तथा युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। हमें याद रखना होगा कि देश के भविष्य के कर्णधारों की पीढ़ी की तैयारी केवल घरों और कक्षाओं में ही नहीं होती है, बल्कि उस पर समाज के विशिष्ट जनों के आचरण का भी प्रभाव पड़ता है।

## आज का विचार







**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है. कार्यक्षेत्र में यदि कोई लड़ाई झगड़ा हो, तो आप उसे अपने विचारों से सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे.

**वृषभ :** वृषभ राशि के जातकों के लिए दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने से बचने के लिए रहेगा. आपका धन डूबने की संभावना है. आप जीवनसाथी को लेकर कहीं घूमने जा सकते हैं. आपको बेवजह टेंशन रहने से आप परेशान रहेंगे.

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए कल दिन रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा. आपको कार्य क्षेत्र में कोई नई जानकारी मिल सकती है. आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी.

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन चुनौती पूर्ण रहने वाला है. आपको अपने कामों को लेकर टेंशन अधिक रहेगी. आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी. पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी.

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों को तरक्की की राह मे आगे बढ़ने के लिए रहेगा. आपके ऊपर मौसम का विपरीत प्रभाव पड़ेगा. आप अपनी अच्छी सोच से को बनाए रखें. कार्य क्षेत्र में आपको काम में भी कुछ समस्या आ रही ह

**कन्या ;** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है. आपको सताने के कामो समस्या आएगी.

**तुला :** तुला राशि के लिए कल दिन खुशनुमा रहने वाला है. प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अपने रिश्ते में आकर बढ़ेंगे. आपको एक के बाद खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी. वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा. व्यापार में आपको कुछ नये अवसर प्राप्त होंगे. आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है.

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने के लिए रहेगा. आप कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, जिससे आपकी समस्याएं भी बढ़ेंगी. आप यदि कोई काम किसी दूसरे के भरोसे न छोड़ें, तो उसे पूरा करने में समस्या अवश्य आएगी.

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है. आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं.

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा. आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप उनसे घबराएंगे नहीं और अपने सभी कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे.

**कुंभ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. पारिवारिक जीवन में खुशियां बनाए रहेंगे. आपको धन को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है. आप कोई बात किसी से तोलमोल कर बोले, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं. आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे. कार्यक्षेत्र में आपकी उससे खटपट होने की संभावना है. आप अपने घर के कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें.


**मीन :** मीन राशि के जातकों को अपने कामों को निपटाने के लिए धैर्य व संयम से काम लेना होगा. आप अपने व्यवहार में मधुरता बनाए रखें. राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा. संतान नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जा सकती हैं. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिस कारण परिवार में पूजा पाठ का आयोजन होगा. आप अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान दें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# एआई क्रांति का साक्षी बनता भारत, वैश्विक क्षमता के साथ उद्योगों को मिल रहा नया आकार

> एआई से संबंधित जोखिमों को दूर करने के लिए केवल कानून पर निर्भर रहने के बजाय सरकार तकनीकी सुरक्षा से जुड़े उपायों में निवेश कर रही है। एआई वैश्विक उद्योगों को नया आकार दे रहा है। इसलिए भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है- समावेशी विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और साथ ही नवाचार को बढ़ावा देने वाली नियामक संरचना को बनाए रखना होगा।

महाराष्ट्र के बारामती में एक छोटा किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के माध्यम से कृषि के नियमों को फिर से निर्धारित करने में जुटा है। एआई के उपयोग से हम यहां कुछ असाधारण के साक्षी बन रहे हैं, उर्वरक के इस्तेमाल में कमी, बेहतर जल संसाधन एवं उपज में बढ़ोतरी। यह भारत की एआई-संचालित क्रांति की एक झलक मात्र है।तकनीक और नवाचार अब प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को बखूबी बदल रहे हैं। कई अर्थों में इस किसान की कहानी एक बहुत बड़े परिवर्तन का सूक्ष्म रूप है। यह सूक्ष्म रूप 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारे प्रस्थान का है। भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यानी डीपीआई, एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण पर जोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है।दशकों से, भारत साफ्टवेयर के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहा है, किंतु अब यह हार्डवेयर विनिर्माण में भी बड़ी प्रगति कर रहा है। पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र निर्माणाधीन हैं, जो वैश्विक इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में भारत की भूमिका को मजबूत करते हैं। आज इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद हमारे शीर्ष तीन निर्यातों में शुमार हैं और इस वर्ष भारत की पहली ह्यमेक इन इंडिया चिप लांच की जाएगी, जो भारत में एक मील का पत्थर साबित होगी। जहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रानिक्स भारत की तकनीकी क्रांति की रीढ़ हैं, वहीं डीपीआई इसे आगे बढ़ाने वाली प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। भारत इस तरह की एआई संरचना के माध्यम से इसे



सभी के लिए सुलभ बनाकर एआई का लोकतंत्रीकरण कर रहा है। इस संबंध में एक प्रमुख पहल 18,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) के साथ भारत की कामन कंप्यूट सुविधा है। 100 रुपये प्रति घंटे से कम की रियायती लागत पर उपलब्ध यह पहल सुनिश्चित करेगी कि सभी हितधारकों के लिए यह सुविधा सुलभ हो। यह पहल मूलभूत मॉडल और अनुप्रयोगों सहित एआई आधारित प्रणालियों को विकसित करने के लिए जीपीयू तक पहुंच आसान बनाएगी। भारत विविध और उच्च-गुणवत्ता वाले डाटा पर एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर गैर-व्यक्तिगत अनाम डाटासेट भी विकसित कर रहा है। यह पहल पूर्वाग्रहों को कम करने और सटीकता सुधारने में मदद करेगी, जिससे एआई प्रणाली अधिक विश्वसनीय और समावेशी बनेंगी। ये डाटासेट कृषि, मौसम पूर्वानुमान और यातायात प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई-संचालित समाधानों को शक्ति प्रदान करेंगे। सरकार भारत के अपने आधारभूत मॉडलों के विकास में सहायता कर रही है। इसमें बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समस्या-विशिष्ट एआई समाधान शामिल हैं। एआई से जुड़े अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। डीपीआई में भारत के अग्रणी कार्य ने वैश्विक डिजिटल परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। कारपोरेट या राज्य-नियंत्रित मॉडल के बजाय भारत का सार्वजनिक-निजी दृष्टिकोण का आधार, यूपीआई और डिजीलाकर जैसे प्लेटफार्म बनाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करता है। निजी क्षेत्र, डीपीआई के शीर्ष पर उपयोगकर्ता के अनुकूल, एप्लिकेशन-विशिष्ट समाधान बनाते हैं और नवाचार प्रस्तुत करते हैं। इस मॉडल को अब एआई के साथ सुपरचार्ज किया जा रहा है। यूपीआई और डिजीलाकर जैसे वित्तीय और शासन प्लेटफार्म पर इन स्मार्ट समाधानों का प्रयोग किया जा रहा है। भारत की डीपीआई संरचना में वैश्विक रुचि जी-20 शिखर सम्मेलन में स्पष्ट थी, जहां विभिन्न देशों ने मॉडल को दोहराने की इच्छा व्यक्त की थी। जापान ने भारत की यूपीआई प्रणाली को पेटेंट दिया है, जो इसकी व्यापकता का प्रमाण है। भारत ने महाकुंभ 2025 के निर्बाध संचालन के लिए अपने डीपीआई और एआई-संचालित प्रबंधन का लाभ उठाया है। एआई-संचालित उपकरणों ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण करने के लिए तत्क्षण रेलवे यात्रियों की आवाजाही की निगरानी की। कुंभ सहायक चैटबाट में एकीकृत भाषिणी द्वारा सभी के लिए आवाज आधारित खोया-पाया सुविधा, तत्क्षण अनुवाद और बहुभाषी सहायता उपलब्ध कराई। भारतीय रेल और उत्तर प्रदेश पुलिस जैसे विभागों के सहयोग ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संचार प्रणाली को सुव्यवस्थित किया। डीपीआई का लाभ उठाकर महाकुंभ 2025 ने तकनीक-सक्षम प्रबंधन के लिए वैश्विक मानदंड स्थापित किया। भारत का कार्यबल इसकी डिजिटल क्रांति के केंद्र में है। देश हर हफ्ते एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) जोड़ रहा है, जो वैश्विक अनुसंधान और तकनीकी विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है।हालांकि, इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए शिक्षा और कौशल विकास में निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, एआई, 5जी और सेमीकंडक्टर डिजाइन को शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बदलाव करके इस चुनौती का समाधान कर रही है।इससे यह सुनिश्चित होगा कि स्नातक रोजगार के लिए तैयार कौशल के साथ कार्यबल में प्रवेश करें, जिससे शिक्षा और रोजगार के बीच का फासला कम हो।भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर रहा है। इसकी एआई नियामक संरचना उत्तरदायी उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देती है। कठोर नियामक संरचना के द्वारा नवाचार के दबने का जोखिम और बाजार संचालित शासन द्वारा अक्सर कुछ लोगों के हाथों में शक्ति केंद्रित होने का खतरा रहता है। इसलिए भारत व्यावहारिक दृष्टिकोण अपना रहा है। एआई से संबंधित जोखिमों को दूर करने के लिए केवल कानून पर निर्भर रहने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा से जुड़े उपायों में निवेश कर रही है। एआई वैश्विक उद्योगों को नया आकार दे रहा है। इसलिए भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है-समावेशी विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और साथ ही नवाचार को बढ़ावा देने वाली नियामक संरचना को बनाए रखना होगा। नीतियों और इन्फ्रास्ट्रक्चर से परे यह परिवर्तन हमारे लोगों के बारे में है।

# अतीत से ज्ञानामृत लेकर नव-सृजन ही जीवन की सार्थकता

संजीव ठाकुर

जब-जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है। अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस ₹आई हैव ए ड्रीम ₹की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था ₹यस वी कैनर₹ ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था .जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।




परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया।एक प्रसिद्ध कहावत है परिवर्तन के अलावा कुछ भी स्थाई नहीं है यह प्रकृति का एक स्थाई और व्यवस्था जनक है कि परिवर्तनशील होना जिवंतता और संघर्ष का प्रमाण है। जिस व्यक्ति, समाज तथा देश में स्थायित्व जाता है वह विकास के विरुद्ध होने लगता है। परिवर्तन सदैव धीरे-धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है। परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्त्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था। व्यक्ति, समाज तथा देश के पास पूंजी होने के बावजूद उसके उपयोग का ना तो सामर्थ्य था नहीं उतनी बौद्धिक क्षमता,उसी क्षण विचारों ने परिवर्तन लाना शुरू किया मानव की बुद्धि ने एक बड़ा परिवर्तन लाकर मशीनों का इजाद किया फल स्वरूप कार्य करने की गति को अवसर मिला इस अवसर के साथ उत्पादन मैं भी वृद्धि हुई। मानव समाज ने इस परिवर्तन तथा नए अवसर की खोज के साथ नई नई वस्तुओं का अंबार लगा और संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का उदय हुआ। यही औद्योगिक क्रांति विश्व के लिए विकास की नई गाथा है और सफलता के साथ एक नए युग का परिवर्तन भी हुआ है। स्थायित्व के विरुद्ध नए अवसर की तलाश थी मनुष्य के जीवन के नवीन पायदान ओं का आगाज करती है और जीवन परिवर्तनशील होकर नए युग की ओर प्रशस्त होता है।

# महिला दिवस पर विशेष : क्या एक लड़की होना पाप है? क्यों हमें सम्मान नहीं मिलता

जेबा खान

आखिर हम इस समाज में कब तक महिलओं को दबाते रहेंगे कभी घर-परिवार के नाम पर तो कभी पिता का मान-सम्मान बचाने के लिए हमेशा एक बेटी, महिला और पत्नी को अपना मन मसूसकर कब तक रहना पड़ेगा। क्या इस पुरुषप्रधान देश में केवल एक दिन महिला दिवस मना लेने से उनकी बद से बत्तर हालत को सुधार जा सकता, बात चाहे किसी भी धर्म की हो लेकिन एक महिला को वो इज्जत वो प्रेम कभी नहीं मिला जो उन्हें भगवान की तरफ से दिया गया है। हिन्दू धर्म में महिला का लक्ष्मी का रूप माना गया है, तो वहीं मुस्लिम समाज की किताब कुरान में तो बेटी को रहमत का दर्जा दिया है, सबसे पहले चीज देना का हुक्म भी बेटी को दिया गया उसको पिता की सम्पत्ति में हिस्सा में दिया गया है लेकिन इस समाज के पुरुष इतना कुरूर हो गया हैं कि वो अपनी बेटी, पत्नी, बहन का हक तो मरते ही है और अगर घर में कन्या का जन्म हो जाये तो बहुत बढ़ा पाप मानकर महिला को प्रताड़ित किया जाता है यहाँ तक की उसको तलाक तक दे दिया जाता है।

हर युग में महिलों की पुररुषों ने धज्जियाँ उडा कर रख दी हैं अगर बात आज के समय की करें तो एक 70 वर्ष की बुजुर्ग महिला हो या 1 साल की मासूम सी काली उसके अपने रिश्तेदार अपने घर में बलात्कार कर देते हैं।आखिर महिलाओं को पुरुष इन्सान होने का भी हक नही दे सकते और साल में एक बार महिला दिवस मना कर सोच लेते हैं कि देश की महिलाओं को उनका हक, इज्जत, प्रेम सब कुछ उनको मिल गया। जिस भगवान/अल्लाह ने माँ के कदमों में जन्नत रख दिए आज उसी माँ-बहन को पुरुष अपने पैरों तलें रोंद के चले जाते हैं। उन्हें इज्जत के नाम पर दी जाती है चंद योजनाओं का लोलीपोप जैसे :- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना। सुकन्या समृद्धि योजना। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने से आर्थिक रूप से मजबूत होना। महिला सम्मान बचत पत्र योजना के जरिए 2 लाख रुपए तक निवेश पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलना। ग्रामीण महिलाओं के लिए महिला शक्ति केंद्र स्कीम लाना। मातृत्व दिवस अवकाश 12 की जगह 26 हफ्ते करना। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को बच्चे के जन्म पर 5000 रुपए देना। मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक पर कानूनी पाबंदी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कलनेक्शन और सिलेंडर देना। महिला ई-हाट स्कीम शुरू करना। महिलाओं के लिए कई स्टार्टअप स्कीम। महिला पोषण अभियान। महिला हेल्पलाइन योजना। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना। फ्री सिलाई मशीन योजना के तहत हर राज्य में सालाना 50 हजार से अधिक सिलाई मशीन फ्री में देना। आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक फ्री में इलाज। वर्किंग वुमेन हॉस्टल स्कीम चालू करना। वन स्टॉप सेंटर स्कीम, जिसके तहत हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सभी तरह की मदद एक ही छत के नीचे मिलना। मातृत्व वंदन योजना के तहत गर्भवती महिला को पौष्टिक आहार योजना आदि क्या सिर्फ इन योजनाओं से महिलाओं का उनका हक और सम्मान मिल सकता है।

क्या वो उन मान सम्मान की हकदार नही हैं जो उन्हें ऊपर वाले ने (ईश्वर/ अल्लाह ) ने उन्हें दिया है। क्या वो उस मान सम्मान की हकदार नहीं जो एक पुरुष को परिवार से मिलता है। या इनकी सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाने के जरूरत नही है जिससे बलात्कार से महिला और मासूम बच्चों को बचाया जा सके।

# 'जो संभाजी का अपमान करेगा उसे छोड़ेंगे नहीं', औरंगजेब विवाद पर विधानसभा में दहाड़े एकनाथ शिंदे

- महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुगल बादशाह औरंगजेब पर अपनी टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मौजूदा बजट सत्र की पूरी अवधि के लिए निलंबित कर दिया।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सपा विधायक अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया है। शिंदे ने संवाददाताओं से कहा, ₹महाराष्ट्र के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें निलंबित कर दिया है।₹ उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेगा। यह तो केवल पहला कदम है। उन्हें सिर्फ यह संकेत दिया गया है कि अगर उन्होंने दोबारा ऐसा कुछ किया तो महाराष्ट्र उन्हें माफ नहीं करेगा। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुगल बादशाह औरंगजेब पर अपनी टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मौजूदा बजट सत्र की पूरी अवधि के लिए निलंबित कर दिया। आजमी की टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा में प्रस्ताव लाया गया। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन में कहा कि आजमी के आपत्तिजनक बयान से सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है, जिसके चलते इस सत्र के लिए उनकी सदस्यता निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया

# औरंगजेब का महिमामंडन करने वाले अबु आजमी जाएंगे जेल, महाराष्ट्र विधान परिषद में देवेंद्र फडणवीस का बड़ा ऐलान

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सपा विधायक अबु आजमी को जेल भेजने की बात कही। अबु आजमी को औरंगजेब की प्रशंसा के कारण विधानसभा से निलंबित किया गया है। मामला औरंजजेब के गुणगान करने से जुड़ा है। अबु आजमी अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से विधायक हैं।




- मुख्यमंत्री फडणवीस ने आजमी को जेल भेजने की बात कही
- अबु आजमी को औरंगजेब की प्रशंसा करने पर निलंबित किया गया
- उद्धव ठाकरे ने आजमी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अबु आजमी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि समाजवादी पार्टी के विधायक अबु आसिम आजमी को सौ फीसदी जेल में डाला जाएगा। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि औरंगजेब की प्रशंसा मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके योद्धा-पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। अबु आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने पर महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित किया गया है। बजट सत्र के समाप्त होने तक विधानसभा से निलंबित किए गए आजमी ने कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा कि उन्हें विवादास्पद टिप्पणी वापस लेने के बावजूद दंडित किया गया है। बजट सत्र 26 मार्च को समाप्त होगा।

### अंबादास दानवे ने उठाया सवाल

विधान परिषद में विपक्ष के नेता और उद्धव ठाकरे शिवसेना के सदस्य अंबादास दानवे ने फडणवीस से पूछा कि आजमी को उनकी टिप्पणी के लिए जेल क्यों नहीं भेजा गया? इस पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई के मानखुर्द-शिवाजी नगर से विधायक आजमी को शत प्रतिशत जेल में डाला जाएगा।

### उद्धव ठाकरे भी अबु आजमी के खिलाफ

शिवसेना के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य उद्धव ठाकरे ने कहा कि किसी को भी राष्ट्रीय नायकों के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ठाकरे ने मांग की कि उन्हें (आजमी को) स्थायी रूप से (विधानसभा से) निलंबित किया जाना चाहिए। इधर अबु आजमी के कार्यालय से एक वीडियो बयान में समाजवादी पार्टी के नेता ने दावा किया कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा है, लेकिन सदन में सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने विधानसभा के बाहर की गई टिप्पणियों को वापस ले लिया। उन्होंने कहा, 'फिर

फास्ट ट्रैक

# कालू बांध के पूरा होने से ठाणे शहर की पानी की समस्या स्थायी रूप से हल होगा - एकनाथ शिंदे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , राज्य सरकार ठाणे मनपा क्षेत्र के कलवा, मुंब्रा और दिवा क्षेत्रों में पानी की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है। कालू बांध के पूरा होने तक वैकल्पिक उपचारात्मक योजनाएं अपनाकर इस समस्या से निजात पाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आश्वासन दिया कि कालू बांध के पूरा होने के बाद ठाणे शहर क्षेत्र में पानी की कमी की समस्या स्थायी रूप से हल हो जाएगी विधायक डा जितेंद्र आव्हाड ने ठाणे मनपा के मुंब्रा, कलवा क्षेत्रों में पानी की कमी के संबंध में एक दिलचस्प मुद्दा उठाया। ध्यान आकर्षित करने वाले सुझाव के जवाब में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि ठाणे मनपा क्षेत्र में पानी की कमी को दूर करने के लिए धन की कमी के कारण दिल्ली नहीं जाएंगे। ठाणे मनपा और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम मुंब्रा, कौसा और कलवा क्षेत्रों में प्रति दिन 130.50 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। इस क्षेत्र में पूरे दबाव से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए छह जलाशयों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें से दो जल निकायों को चालू कर दिया गया है और शेष चार जल निकायों को चालू करने के लिए वितरण पाईप लाईन बिछाने का काम प्रगति पर है। जलापूर्ति की समस्या के समाधान के लिए रीमोल्डिंग परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। इसके लिए सरकार ने नगर विकास मद से 240 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है। मनपा ने कलवा, मुंब्रा, दिवा क्षेत्रों के लिए 50 एमएलडी से लेकर पूरे ठाणे महानगर के लिए 100 एमएलडी का प्रस्ताव दिया था, जिस पर महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। साथ ही, एमआईडीसी के बारवी बांध से महानगर की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम से अतिरिक्त 50 मिलियन लीटर पानी का अनुरोध किया गया है। एमआईडीसी दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच विटावा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बंद कर देता है। इस क्षेत्र में पानी की कमी को दूर करने के लिए एक अतिरिक्त जल चैनल का निर्माण किया जा रहा है। जब तक यह कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक रात्रि 12 से 5 बजे के बीच जलापूर्ति प्रारंभ होने की सूचना संबंधित को दी जायेगी। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने यह भी चेतावनी दी कि यदि ठाणे मनपा के मुख्य जल चैनल पर अवैध रूप से नल कनेक्शन किए गए, तो तत्काल जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी और संबंधितों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। रोचक सुझाव की चर्चा में सदस्य सर्वश्री रईस शेख, दिलीप लांडे भी शामिल हुए।

# महाराष्ट्र विधानसभा में आदित्य ठाकरे और मंत्री गुलाबराव पाटील के बीच नोकझोंक, उद्धव का नाम लेने पर बिगड़ी बात

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधानसभा में उद्धव ठाकरे के युवा नेता आदित्य ठाकरे और शिंदे सेना के नेता व राज्य के जल आपूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटील के बीच नोकझोंक देखने को मिली। भूजल में नाइट्रेट के स्तर को नियंत्रित करने के एक सवाल पर आदित्य ने कहा कि पहले मंत्री महोदय (गुलाबराव पाटील) अध्ययन करके आएं। इस पर गुलाबराव पाटील भड़क उठे। उन्होंने कहा कि तुम्हारे पिता (उद्धव ठाकरे) ने भी यह विभाग मुझे दिया था। इस पर आदित्य भड़क उठे। दोनों के बीच बहस हो गयी। तब विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने हस्तक्षेप करते हुए निर्देश दिया कि व्यक्तिगत टिप्पणी को कार्यवाही से हटा दिया जाए।

क्यों हुआ विवाद?

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान शरद पवार की पार्टी के विधायक रोहित पवार ने राज्य के सात जिलों में भूजल में नाइट्रेट के स्तर को नियंत्रित करने के बाबत सवाल पूछा। पवार के सवाल का जवाब जल आपूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटील जवाब दे रहे थे। उसी समय आदित्य ठाकरे ने बैठकर सवाल पूछा।

# अडानी के धारावी प्रोजेक्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एंट्री, मुंबई के दौरे पर पहुंचे

- राहुल गांधी धारावी प्रोजेक्ट का करेंगे निरीक्षण
- राहुल गांधी साध सकते हैं अडानी पर निशाना
- अंबानी के धारावी प्रोजेक्ट के विरोध में मुंबई के दौरे पर राहुल गांधी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी मुंबई के दौरे पर पहुंचे



मुंबईः धारावी पुर्नवास परियोजना को लेकर चल रही गहमागहमी के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी आज मुंबई के दौरे पर पहुंचे हैं। राहुल गांधी धारावी में लोगों से मुलाकात करेंगे और अडानी समूह की पुनर्विकास साइट का भी दौरा करेंगे। जहां काम चल रहा है। विधानसभा चुनावों में राहुल गांधी ने धारावी का मुद्दा उठाया था। महाराष्ट्र कांग्रेस धारावी रीडेवलपमेंट को एशिया का सबसे बड़ा घोटाला बताती आई है। धारावी के रीडेवलपमेंट के लिए अडानी समूह ने बोली लगार 5,069 करोड़ रुपये में बोली लगाकर टेंडर हासिल किया है। मुंबई पहुंचने पर राहुल गांधी का महाराष्ट्र के नए प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, मुंबई अध्यक्ष और सांसद डॉ. वर्षा गायकवाड़ के साथ विधानसभा में कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने स्वागत किया।अडानी पर फिर बोल सकते हैं हमला राहुल गांधी ऐसे समय पर मुंबई दौरे पर आ रहे हैं, जब राज्य का बजट सत्र चल रहा है।इससे पहले वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के प्रचार के अंतिम दिन मुंबई आए थे। बीकेसी में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने धारावी प्रोजेक्ट को लेकर अडाणी और बीजेपी को घेरा था. राहुल ने कहा कि धारावी का भविष्य सेफ नहीं है. इस प्रोजेक्ट से धारावी की जनता को नुकसान होगा। राहुल गांधी ने तब पोस्टर वॉर किया था। जिसमें धारावी का नक्शा बना था। इसे दिखाते हुए राहुल ने कहा था कि अरबपति चाहते हैं कि मुंबई की जमीन उनके हाथ में चली जाए। तब उन्होंने कहा था कि अनुमान है कि एक अरबपति को एक लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसे लेकर बीजेपी ने भी पलटवार करते हुए कांग्रेस की ओर से अडानी को दिए गए ठेके की पोल खोली थी। अब राहुल के धारावी में दाखिल होने के बाद फिर धारावी को लेकर सियासी घमासान छिड़ने के आसार हैं।

# पश्चिम रेलवे पर बड़े उत्साह और उमंग के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का आयोजन शुरू

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आकर्षक और प्रेरक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ समारोह की शुरूआत कर दी गई है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के योगदान का सम्मान करना तथा मुख्यालय के साथ-साथ पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों और कारखानों में समावेशिता और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे पर महिला दिवस समारोह 6 मार्च, 2025 को ₹दिल से₹ नामक एक कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें महिला अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कविता और कहानी सुनाने के सत्र शामिल थे। इसके बाद कराओके संगीत का आयोजन किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। डॉ. ज्योति इनबा द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम पश्चिम रेलवे मुख्यालय, चर्चगेट में आयोजित किया गया। अन्य दिनों में रोमांचक खेल, डीजे संगीत के अलावा फन फेयर आदि के साथ समारोह जारी रहेगा। महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाला एक वेलनेस प्रोग्राम 8 मार्च, 2025 को आयोजित किया जाएगा।श्री विनीत ने आगे बताया कि समारोह का समापन 10 मार्च, 2025 को होगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार



मिश्र इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती क्षमा मिश्र मुख्य अतिथि होंगी। पश्चिम रेलवे महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने में बहुत गर्व महसूस करती है और लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। सभी महिला कर्मचारियों को भाग लेने और इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी और 7 जोड़ी होली एवं ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा होली एवं ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर और 7 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09189/09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार (साप्ताहिक) स्पेशल [08 फेरे]

ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल हर शनिवार को मुंबई सेंट्रल से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 07.30 बजे कटिहार पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 मार्च से 29 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल हर मंगलवार को कटिहार से 00.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.40 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 मार्च से 1 अप्रैल 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया और नौगछिया स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 04714/04713 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर (साप्ताहिक) स्पेशल [08 फेरे]

ट्रेन संख्या 04714 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल हर शुक्रवार को बांद्रा टर्मिनस से 16.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे बीकानेर पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 से 28 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04713 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल हर गुरुवार को बीकानेर से 15.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 6 से 27 मार्च, 2025 तक चलेगी यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, आनंद, नडियाद, साबरमती, महेसाणा, भीलड़ी, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर और नोखा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 04828/04827 बांद्रा टर्मिनस - भगत की कोठी (साप्ताहिक) स्पेशल [08 फेरे]

ट्रेन संख्या 04828 बांद्रा टर्मिनस- भगत की कोठी स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 10.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.30 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 से 30 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04827 भगत की कोठी - बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शनिवार को भगत की कोठी से 11.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 से 29 मार्च 2025 तक चलेगी यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़, पाली मारवाड़ और लूनी स्टेशनों पर रुकेगी इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

4. ट्रेन संख्या 04826/04825 बांद्रा टर्मिनस - जोधपुर सुपरफास्ट (साप्ताहिक) स्पेशल [6 फेरे]

ट्रेन संख्या 04826 बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सुपरफास्ट स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक मंगलवार को 11.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.00 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 से 25 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04825 जोधपुर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल हर सोमवार को जोधपुर से 17.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 से 24 मार्च, 2025 तक चलेगी यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़, पाली मारवाड़ और लूनी स्टेशनों पर रुकेगी इस ट्रेन में एसी 3-टियर और स्लीपर क्लास कोच होंगे।

5. ट्रेन संख्या 03418/03417 उधना झ मालदा टाउन (साप्ताहिक) स्पेशल ट्रेन [4 फेरे]

ट्रेन संख्या 03418 उधनाझमालदा टाउन स्पेशल मंगलवार और सोमवार को उधना से 12.30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 02.55 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 और 24 मार्च, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 03417 मालदा टाउन-उधना स्पेशल रविवार और शनिवार को मालदा टाउन से 12.20 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 00.45 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 16 और 22 मार्च 2025 को चलेगी यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, दोंडाइचा, अमलनेर, भुसावल, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज, बरहरवा और न्यू फरक्का स्टेशनों पर रुकेगी इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

6. ट्रेन संख्या 09417/09418 अहमदाबाद - दानापुर स्पेशल (साप्ताहिक) [08 फेरे]

ट्रेन संख्या 09417 अहमदाबाद - दानापुर स्पेशल प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद से 09.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन 20.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 से 31 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09418 दानापुर - अहमदाबाद स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 23.50 बजे रवाना होगी और गुरुवार को 12.15 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 मार्च से 01 अप्रैल, 2025 तक चलेगी यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, छायापुरी, रतलाम, डकनिया तलाव, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फरुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी) स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

7. ट्रेन संख्या 09425/09426 साबरमती झ हरिद्वार (द्वि-साप्ताहिक) स्पेशल [14 फेरे]

ट्रेन संख्या 09425 साबरमतीझहरिद्वार स्पेशल प्रत्येक गुरुवार और रविवार को साबरमती से 17.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.00 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 से 30 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वारझ साबरमती स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को हरिद्वार से 21.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 से 31 मार्च, 2025 तक चलेगी यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 04714 की बुकिंग शुरू है तथा ट्रेन संख्या 09189, 09417, 09425 एवं 03418 की बुकिंग 07 मार्च, 2025 से, जबकि ट्रेन संख्या 04828 एवं 04826 की बुकिंग 8 मार्च, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

महाराष्ट्र सरकार

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग

पी.डब्ल्यू.डी. ईएसआईएस अस्पताल परिसर, एल.बी.एस. रोड, मुलुंड (प.), मुंबई-400080

ई-मेलः elnorthmumbai.ee@mahapwd.gov.in

दूरभाष क्रमांकः 022-25601327

ई-निविदा सूचना क्र. 91 /2024-25

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलुंड, मुंबई द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "बी-1" फॉर्म में ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएं महाराष्ट्र सरकार के विद्युत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं (पर्यावरणीय दस्तावेज संख्या 1 के अनुसार).
ई-निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग की ई-निविदा पोर्टल http://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं.
कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलुंड, मुंबई को किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है. सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।

| कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत |
|---|---|
| 1. अनुमान क्रमांक CR/NMED/MSSD/NMS/24013/2024-25 – नई महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली में स्थापित पुरानी जंग लगी अग्निशमन पाइपलाइन एवं संबद्ध उपकरणों की मरम्मत एवं प्रतिस्थापन का कार्य. | Rs. 419421 /- |
| 2. अनुमान क्रमांक ATAL/NMED/MSSD/OMS/24056/2024-25 – पुराने महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली में स्थापित स्प्लिट एसी, विंडो एसी और कैसेट एसी के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC) प्रदान करने का कार्य. | Rs. 979900/- |
| 3. अनुमान क्रमांक SR/NMED/MSSD/NMS/24018/2024-25 – नई महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली में कमरों और पिछली ओर स्थित सुइट्स के मार्गों के सिविल नवीनीकरण के कारण प्रभावित विद्युत प्रणाली और संबद्ध उपकरणों के नवीनीकरण का कार्य. | Rs. 1713723/- |
| 4. अनुमान क्रमांक ATL/NMED/BESD/BCN/24263/2024-25 – बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 स्थित मुंबई उपनगर जिला मुख्यालय प्रशासनिक भवन (भूतल + 10 मंजिल) में मुखौटा प्रकाश व्यवस्था प्रणाली (फेकेड लाइटिंग सिस्टम) के लिए 3 वर्षों का पूर्ण समावेशी वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एफसीएएमसी) प्रदान करने का कार्य. | Rs. 1074408/- |
| 5. अनुमान क्रमांक ATL/NMED/BESD/BCN/Labour/24271/2024-25 – बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 स्थित प्रशासनिक भवन में लिफ्टों के संचालन के लिए अस्थायी लिफ्ट ऑपरेटर सेवाएं प्रदान करने का कार्य. | Rs. 769392/- |
| 6. अनुमान क्रमांक ATL/NMED/BESD/BCN/Labour/24272/2024-25 – बीसीएन (B-2) अनुभाग, बांद्रा विद्युत उपविभाग, मुंबई - 400051 के अंतर्गत सभी आवासीय एवं अनावासीय भवनों में विद्युत प्रतिष्ठानों के रखरखाव के लिए वायरमैन और अकुशल श्रमिकों की अस्थायी सेवाएं प्रदान करने का कार्य (6 महीने के लिए). | Rs. 1322568/- |
| 7. अनुमान क्रमांक ATL/NMED/BESD/BCN/Labour/24273/2024-25 – बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 स्थित शासकीय सेवक कॉलोनी में नव निर्मित शासकीय आवासीय भवन (सीटीएस क्र. -629, भवन क्रमांक सी-एल, ए-1 और बी-2, भूतल + 16 मंजिल) में रखरखाव सहयोगी की अस्थायी सेवाएं प्रदान करने का कार्य. | Rs. 984960/- |
| 8. अनुमान क्रमांक ATL/NMED/BESD/BKC/24384/2024-25 – बांद्रा उपविभाग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 के अंतर्गत बीकेसी अनुभाग में विद्युत प्रतिष्ठानों के रखरखाव के लिए 7 वायरमैन और 4 अकुशल श्रमिकों की अस्थायी सेवाएं प्रदान करने का कार्य (6 महीने के लिए). | Rs. 1607112/- |
| 9. अनुमान क्रमांक ATL/NMED/BESD/BND/24160/2024-25 – बांद्रा सेक्शन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई के अंतर्गत सभी आवासीय एवं अनावासीय भवनों में विद्युत प्रतिष्ठानों के रखरखाव हेतु 6 महीने की अवधि के लिए 2 वायरमैन और 3 अकुशल श्रमिकों की अस्थायी सेवाएं प्रदान करने का कार्य. | Rs. 1635192/- |
| 10. अनुमान क्रमांक OW/AESD/KDL/24691/2024-25 – एक्सर, गोराई और एरंगल, मुंबई स्थित तलाठी कार्यालयों में सिविल नवीनीकरण कार्य के कारण आवश्यक विद्युत प्रतिष्ठानों की व्यवस्था प्रदान करने का कार्य. | Rs. 446988/- |

दस्तावेज़ डाउनलोड/विक्रय अवधिः 07.03.2025 से 15.03.2025 तक, सायं 17:30 बजे तक
बोली खोलने की तिथिः 17.03.2025, दोपहर 14:00 बजे के बाद
(महाराष्ट्र सरकार, सार्वजनिक निर्माण विभाग, मंत्रालय पत्र क्रमांक संकीर्ण 2022/प्र.क्र. 104/इमा-2 दि. 14.02.2025 )
ई-निविदा से संबंधित सभी जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध हैः

1. निविदाकर्ताओं को अपनी कीमत जीएसटी (18%) को छोड़कर कोट करनी होगी, जीएसटी अतिरिक्त रूप से देय होगा.
2. http://mahatenders.gov.in (ई-निविदा सूचना में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी इस वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी.)
3. कार्यालय सूचना पट्ट के लिए, कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुंबई.
4. कार्य समझौते में पूर्व-योग्यता मानदंड शामिल हैं.

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
उत्तर मुंबई विद्युत विभाग,
पी.डब्ल्यू.डी., मुंबई

डीजीआयपीआर/2024-2025/6903

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों का होगा सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जिल्हा परिषद ठाणे

ठाणे , जिला परिषद के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 'विश्व महिला दिवस' के अवसर पर अनुकरणीय पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं, आशा कार्यकताओं और विशेष कौशल वाली लड़कियों को सम्मानित किया जाएगा। 8 मार्च को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन बी जे हाई स्कूल ठाणे के सभागार में सुबह 11 बजे किया गया है। आदर्श आंगनवाड़ी सेवक हेल्पर और पर्यवेक्षक आशा कार्यकर्ता, महिला स्टाफ को उनके दैनिक कार्यों में उत्साह और आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों पर ध्यान देने के लिए महत्व दिया जाता है। यह सम्मान समारोह उनके काम की सराहना करने के लिए महत्वपूर्ण है। पुरस्कार कार्यक्रम के तहत 2 पर्यवेक्षकों, 8 आंगनवाड़ी कार्यकताओं, 8 आंगनवाड़ी सहायिकाओं और 8 आशा कार्यकताओं जैसे कुल 26 कर्मचारियों को 20 हजार रुपए चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विशेष हुनर हासिल करने वाली लड़की को सम्मानित किया जाएगा और पुरस्कार राशि एक हजार रुपये होगी। चेक, बैज एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। एक आदर्श पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, आशा कार्यकर्ता और विशेष कौशल वाली एक लड़की को सम्मानित किया जाएगा और जिला परिषद के माध्यम से महिलाओं से इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

# अंबरनाथ के शिलाहार कालीन प्राचीन शिवमन्दिर को तीर्थक्षेत्र घोषित किया जाए- डॉ.बालाजी किणीकर

## अंबरनाथ का 965 वर्ष पूर्व का प्राचीनकालीन शिवमन्दिर वास्तुकला का श्रेष्ठ उदाहरण है।

**उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई से मांग की है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





अंबरनाथ.अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र के शिवसेना के विधायक डॉ.बालाजी किणीकर ने अंबरनाथ के 965 वर्ष पुराने ऐतिहासिक और वास्तुशिल्प के दृष्टिकोण से अप्रतिम शिलाहार कालीन प्राचीन शिवमन्दिर को तीर्थक्षेत्र घोषित किए जाने की सरकार से मांग की है। बजट सत्र के दौरान उन्होंने राज्य के उपमुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे और पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई से मुलाकात कर उन्होंने यह मांग रखी है कि अंबरनाथ की पहचान,राष्ट्रीय धरोहर और हिंदू आस्था का प्राचीन केंद्र अंबरनाथ के शिवमन्दिर को तीर्थक्षेत्र घोषित किया जाए। उन्होंने अपनी मांग रखते हुए कहा कि अंबरनाथ का नाम भी अंबरेश्वर महाराज के नाम पर अंबरनाथ पड़ा। यूनेस्को की राष्ट्रीय धरोहर सूची में इस प्राचीन शिवमन्दिर का नाम है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां लाखों लोग दर्शन करने आते हैं। कल्याण लोकसभा के सांसद सांसदरत्न डॉ.श्रीकांत शिंदे और विधायक डॉ.बालाजी किणीकर के संकल्प द्वारा इस मंदिर का भव्य तौर पर काशी कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। डॉ.श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन की तरफ से प्रतिवर्ष शिवमन्दिर परिसर में शिवमन्दिर आर्ट फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया जाता है जिसमें देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अपनी कला का दिव्य प्रदर्शन किया जाता है।इस पृष्ठभूमि में विधायक डॉ.बालाजी किणीकर का मानना है कि प्राचीन शिवमन्दिर को तीर्थक्षेत्र घोषित किए जाने की मांग को सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर यहां के लोगों के लिए विशेष गौरव की बात होगी।

फास्ट ट्रैक

# नव गठित अरविंद पेंडसे विचार मंच शुरू करेगा व्याख्यान माला - ओमप्रकाश शर्मा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , भजपा के कर्मठ नेता व भाजपा ठाणे जिला संगठन मंत्री रहे स्वर्गीय अरविंद पेंडसे के विचारों और उनके सामाजिक, राजनीतिक कार्यों से आज की पीढ़ी को परिचित कराने और उनके जैसे कार्यकर्ता निर्माण किया जाएगा। इसके लिए अरविंद पेंडसे विचार मंच की स्थापना की गई है। इस मंच की ओर से अरविंद पेंडसे व्याख्यान माला शुरू किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पेंडसे ने तत्कालीन ठाणे संयुक्त जिले के ग्रामीण ,आदिवासी दुर्गम इलाकों कार्यकर्ता निर्माण कर पार्टी का संगठन मजबूत किया। उनके परिश्रम और संगठनात्मक कला के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता बने और आज वही पार्टी का परचम लहरा रहे हैं। उनके जैसे कर्मठ, प्रशिक्षित ,निष्ठावान कार्यकर्ता की आज भारतीय जनता पार्टी को आवश्यकता है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष ओमप्रकाश शिवराम शर्मा , उपाध्यक्ष एड सुभाष नरसिंह काले, महामंत्री शरद पद्माकर पुरोहित, सदस्य दिनकर दत्तात्रय दामले , प्रभाकर कुलकर्णी, रामकृष्णन अय्यर , के पी मिश्रा, विजय भगवंत जोशी, रविन्द्र कुरहाड़कर , पंकज जैन, श्रीमती मृणाल पेंड्से का चयन किया गया है।

# डंपर और आटो की भीषण टक्कर

## शाहजहांपुर में युवती की मौत, बिहार से होली मनाने आई थी, कई लोग घायल


शाहजहांपुर, थाना निगोही क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। डंपर की टक्कर से ऑटो सवार बिहार की 23 वर्षीय युवती की मौत हो गई। मृतका निशा कुमारी बिहार के सीवान जिले के थाना हसनपुर क्षेत्र के पकड़ी गांव की रहने वाली थी। निशा अपनी ताई कलावति और चचेरे भाई के साथ होली मनाने शाहजहांपुर आ रही थी। वह यहां अपने चचेरे भाई आलोक के घर जा रही थी। स्टेशन से निगोही जाते समय सतवां बुजुर्ग के पास हाइवे पर डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि निशा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल हादसे में ऑटो में सवार ताई कलावति और चचेरे भाई समेत कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भू-माफियाओं का कब्जा

## महिलाओं ने किया विरोध तो दी जान से मारने की धमकी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाहजहांपुर, भू-माफिया की दादागिरी सामने आई है। जमदग्नि नगर में कुछ दबंगों ने मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया है। इससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मोहल्ले की महिलाओं ने बताया कि भूरे, फेनी और राजेश नाम के व्यक्तियों ने प्लॉटिंग के नाम पर मुख्य मार्ग में बुनियाद भर दी है। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिलाएं गुरुवार दोपहर 2 बजे तहसील मुख्यालय पहुंचीं। उन्होंने एसडीएम दुर्गेश यादव को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का आरोप है कि ये लोग प्लॉट की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं और गरीबों को परेशान करना इनकी आदत है। ज्ञापन में सुनीता छोटी, बिटिया, विनीता, नीलम, सुशीला, रामा, शकुंतला, रजनीश कटोरी और लीलावती समेत कई महिलाओं के हस्ताक्षर हैं।

# अंबरनाथ में कुख्यात अपराधी को महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डेंजरस एक्ट के तहत एक वर्ष के लिए येरवडा सेंट्रल जेल भेजा गया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ पुलिस ने स्थानीय अपराधी जमानत पर बाहर आए हिस्ट्रीशीटर 29 वर्षीय फहाद नाम के एक कुख्यात अपराधी को महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डेंजरस एक्ट के तहत जेल में भेजने का प्रस्ताव ठाणे पुलिस आयुक्त को भेजा था जिसे 5 मार्च को स्वीकार करते हुए पुलिस ने एक साल के लिए पुणे के येरवडा सेंट्रल जेल भेज दिया है। शहर में भय व आतंक का पर्याय माने जाने वाले हिस्ट्रीशीटर 29 वर्षीय फहाद पर चोरी, घरफोड़, मारपीट, धमकाने, अवैध हथियार रखने और जबरन वसूली जैसे अन्य अनेक मामलों में लगभग 20 गंभीर मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार विगत दो वर्षों में नामी अपराधी फहाद की गतिविधियों में तेजी आई थी। जमानत पर बाहर रहने के बाद भी वो संगीन अपराधों को अंजाम देता था। इस बढ़ते खतरे को देखते हुए अंबरनाथ पुलिस ने महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डेंजरस एक्ट के तहत इस अपराधी को जेल भेजने का प्रस्ताव ठाणे पुलिस आयुक्त को भेजा था,जिसे 5 मार्च 2025 को मंजूरी मिल गई। इस संदर्भ में डीसीपी सचिन गोरे ने बताया कि एमपीडीए के तहत इस वर्ष की यह तीसरी कार्यवाही है। इससे स्थानीय लोगों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न होगा और वो अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। लोगों में कानून और व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

# उल्हासनगर के गोल मैदान में साधु वासवानी की प्रतिमा के नीचे लगा होर्डिंग मनपा को ही मुंह चिढ़ाता हुआ नजर आ रहा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले शहर के सौंदर्यीकरण अभियान और अतिक्रमण हटाओ अभियान में सक्रिय दिखाई दे रही है लेकिन उल्हासनगर के गोल मैदान जैसे प्रमुख स्थान पर स्थित साधु वासवानी की प्रतिमा के नीचे लगा मनपा का ही होर्डिंग उनके इस अभियान पर बट्टा लगाने का कार्य कर रहा है। यह होर्डिंग पार्क की प्रतिमा और सुंदरता का अतिक्रमण करता हुआ नजर आ रहा है।

# ईडी ने मुंब्रा में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के दफ्तर पर छापा मारा




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,ईडी ने आज सुबह मुंब्रा में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के कार्यालय पर छापा मारा। आतंकी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एसडीपीआई के भी शामिल होने का शक करते हुए ईडी ने दो दिन पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. के. फैजी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद ईडी ने महाराष्ट्र में एसडीपीए के सभी कार्यालयों पर छापेमारी की। इस ऑपरेशन के दौरान ईडी के अधिकारियों ने एसडीपीआई के मुंब्रा कार्यालय के दो लोगों से पूछताछ की। मुंब्रा में एसडीपीआई के दफ्तर पर छापेमारी के दौरान ईडी की टीम ने महासचिव शाहरुख और उपाध्यक्ष सरफराज दोनों से छह घंटे तक पूछताछ की। इस जांच के दौरान ईडी की टीम ने पार्टी के दस्तावेज, बैंक लेनदेन, नोटबुक, लैपटॉप को जांच के लिए जब्त कर लिया है। ईडी की टीम ने बताया कि इन दोनों को आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया जाएगा। इस समय मुंब्रा में कानून-व्यवस्था की समस्या न हो इसके लिए पुलिस ने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था।

# पत्रकार की बहन की शादी में शिरकत कर अशफाक अहमद ने परिवार को दी शुभकामनाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़ [ उप्र ], मान्धाता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि और हर दिल अजीज नेता अशफाक अहमद आज पत्रकार सूरज सोनी की बहन की शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने सूरज सोनी के परिवार से मिलकर शुभकामनाएं दी और पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में घायल पत्रकार सूरज सोनी के पिता से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। शादी ब्याह का सीजन है और रमजान का पवित्र माह चल रहा है ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद को क्षेत्र के लोगों द्वारा आंमत्रित किया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद प्रयासरत हैं कि सभी लोगों के दरवाजे पर पहुंच कर लोगों को शुभकामनाएं दे रहे हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद क्षेत्र के आम जनता के बीच लोकप्रिय नेता हैं और समाज के सभी वर्गों के बीच इनका सम्मान है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने इस कार्यकाल में क्षेत्र पंचायत निधि का सभी ग्राम सभा में विकास कार्य के लिए इस्तेमाल किया है। विकास कार्य बगैर किसी भेदभाव के अनवरत जारी रखा है।

# संगम से लाया गया अमृत जल

## शाहजहांपुर में डीएम-एसपी ने बुजुर्गों को किया वितरित-बोले-पुलिस वाहनों से और भी लाया जाएगा जल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस लाइन में संगम से लाए गए अमृत जल का वितरण किया गया। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शहर के बुजुर्गों को आमंत्रित किया गया था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश एस ने बुजुर्गों को अमृत जल की बोतलें वितरित कीं। महाकुंभ के बाद सरकार ने संगम के अमृत जल को सरकारी वाहनों से विभिन्न जनपदों में भेजने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में पुलिस वाहन से अमृत जल को शाहजहांपुर लाया गया। सीओ सिटी ने भी सभागार में उपस्थित लोगों को अमृत जल वितरित किया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर पुलिसकर्मी संगम से अमृत जल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद वासियों के बीच वितरण का कार्य शुरू हो गया है।



# होली से पहले खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

- कलान की कचरी फैक्ट्री में स्वच्छता का अभाव, नमूना लिया, संचालन पर लगी रोक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कलान, होली के त्योहार से पहले खाद्य सुरक्षा टीम ने कलान में एक कचरी फैक्ट्री पर छापेमारी की। फैक्ट्री में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने जांच के लिए कचरी के नमूने लिए और अग्रिम आदेशों तक फैक्ट्री को बंद करने के निर्देश दिए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के अनुसार, फैक्ट्री में स्वच्छता का अभाव पाया गया। फैक्ट्री में चार कर्मचारी सोते हुए मिले। सामान भी अव्यवस्थित तरीके से रखा हुआ था। फैक्ट्री मालिक आवश्यक लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं कर सका। अधिकारियों ने फैक्ट्री मालिक को नोटिस जारी किया है और संचालन पर रोक लगा दी है। इस कार्रवाई से कलान के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और अधिकतर दुकानें बंद रहीं। यह कार्रवाई जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निदेर्शों पर की गई। उन्होंने मंगलवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया था। साथ ही होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों को लाइसेंस प्रदर्शित करने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए थे।

# डेक्कन यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया में मास्टर आफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल में वृषाली यादव को छठा स्थान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ [ युनिस खान ] मान्धाता ब्लाक के ग्राम सभा गोपालापुर की वृषाली यादव ने विदेश में एमआईटी में अपना परचम लहराते हुए गांव, समाज का सम्मान बढ़ाया है। वृषाली यादव के पिता मुंबई में अड़ानी ग्रुप की एक कंपनी में मैनेजर हैं और विरार में रहते हैं। वृषाली यादव मुंबई में ही पढाई करती थी, एमआईटी प्रोफेशनल की पढ़ाई के लिए आस्ट्रेलिया के डेक्कन यूनिवर्सिटी गयी, और एमआईटी प्रोफेशनल की पढ़ाई कर रही थी। वृषाली यादव गोपालापुर के श्री राम कन्हैयालाल यादव की सुपौत्री है। समाजसेवी रविन्द्र यादव ( शारदा ) ने बताया कि वृषाली यादव होनहार, प्रतिभावान विद्यार्थियों में थी, मेधावी छात्र वृषाली यादव ने प्राथमिक शिक्षा से लेकर हाईस्कूल और ग्रेजुएशन तक कड़ी मेहनत के दम पर सराहनीय अंक हासिल कर हमारे घर परिवार का गौरव बढ़ाया है। वृषाली यादव की शिक्षा के प्रति लग्न और मेहनत के साथ साथ बिटिया को उच्च शिक्षा से वंचित न रहे, इसलिए एमआईटी प्रोफेशनल की तैयारी के लिए आस्ट्रेलिया भेजा गया। आज बिटिया ने यूनिवर्सिटी में छठा स्थान हासिल किया है हम सभी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं/ वृषाली यादव की इस शानदार सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधान विरेन्द्र यादव, यदुवंशी महासभा अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्र कांत यादव, सुरेश महाराज, पत्रकार विजय यादव, महेंद्र कुमार यादव, हरिकेश यादव (यदुवंशी ट्रांसपोर्ट), ?शिवशंकर यादव , सीता राम सरोज, दीपक गौतम, सहित भारी संख्या में लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# होली जुलूस की तैयारी को लेकर प्रशासन अलर्ट

## सुबह से जुलूस समाप्ति तक ड्यूटी प्वांइट नहीं छोड़ेंगे अधिकारी, जुलूस मार्ग पर वाहनों पर रोक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, लॉट साहब का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ी तैयारियां की हैं। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सेक्टर, जोनल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। डीएम ने सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाएं जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइन, पोल और ट्रांसफॉर्मर को ढकने की व्यवस्था की जाए। धार्मिक स्थलों पर बैरिकेडिंग सहित सुरक्षा के अन्य इंतजाम किए जाएं। जुलूस के दिन सुबह 7 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक सभी अधिकारियों को ड्यूटी पर रहना होगा। जुलूस मार्ग पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आसपास के प्रतिष्ठित नागरिकों से संपर्क में रहने को कहा गया है। होली दहन कार्यक्रम को लेकर भी विशेष तैयारियां की गई हैं। अधिकारियों को होली दहन स्थलों का निरीक्षण कर साफ-सफाई और बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



# दहेज के लिए तीन तलाक, पत्नी को घर से निकाला



साइबर एक्सप्रेस

शाहजहांपुर, एक महिला के साथ दहेज के लिए प्रताड़ना का मामला सामने आया है। प्रेम विवाह के चार महीने बाद ही पति ने तीन तलाक देकर पत्नी को घर से निकाल दिया। थाना आरसी मिशन क्षेत्र की महिला ने मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी मोहम्मद अफ्फान खां से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज में कार और दस लाख रुपए की मांग करने लगे। कम दहेज लाने का ताना देते रहे। पीड़िता के मुताबिक, 10 फरवरी को पति ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद तीन तलाक देकर घर से बाहर कर दिया। पीड़िता ने शिकायत करने की कोशिश की तो उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने कई बार थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद) जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद) माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद) आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प की समझ पर सवाल, न्यूजीलैंड के हाईकमिश्नर बर्खास्त

## कहा था- यूक्रेन जंग खत्म करने का तरीका विश्वयुद्ध की वजह बने म्यूनिख समझौते जैसा

**एजेंसी**

वेलिंग्टन, न्यूजीलैंड ने ब्रिटेन में उच्चायुक्त फिल गॉफ को बर्खास्त कर दिया है। गॉफ ने लंदन में एक कार्यक्रम में कहा कि ट्रम्प का रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने का तरीका 1938 के म्यूनिख समझौते जैसा है। म्यूनिख समझौते ने हिटलर को चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा करने की अनुमति दी थी। अब ट्रम्प फिर से वही गलती करने जा रहे हैं। उन्हें इतिहास की समझ नहीं है। गॉफ की इन टिप्पणियों के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा कि हाई कमिश्नर की टिप्पणियां सही नहीं थीं। पीटर्स ने कहा कि ये न्यूजीलैंड का आधिकारिक रुख नहीं है। 87 साल पुरानी घटना की याद दिलाई गॉफ ने याद दिलाया कि कैसे चर्चिल ने वङ के तत्कालीन ढट नेविल चेम्बरलेन को फटकार लगाई थी। चर्चिल ने तब कहा था- आपको जंग और अपमान में से किसी एक को



चुनना था। आपने अपमान चुना, लेकिन इसके बाद भी आपको जंग लड़नी पड़ी। गॉफ ने ओवल ऑफिस में चर्चिल की प्रतिमा लगवाने पर भी सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने चर्चिल की प्रतिमा को ओवल ऑफिस में दोबारा लगवा दिया है। क्या आपको लगता है कि उन्हें वास्तव में इतिहास की समझ है? 2020 में ट्रम्प को हराने के जो बाइडेन ने चर्चिल की कांस्य प्रतिमा को हटा दिया था और इसकी जगह हिस्पैनिक यूनियन नेता सीजर शावेज की प्रतिमा लगा दी गई थी। दोबारा राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने फिर से ओवल ऑफिस में चर्चिल की प्रतिमा लगवा दी। विदेश मंत्री बोले- उच्चायुक्त का बयान सही नहीं था पीटर्स ने कहा कि जब आप उस पद पर होते हैं तो आप सरकार और उस समय की नीतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, आप न्यूजीलैंड का चेहरा होते हैं। यह कूटनीतिक रूप से किसी देश के सामने वाले चेहरे के रूप में व्यवहार करने का तरीका नहीं है। पीटर्स ने कहा, हम लोगों को ऐसी टिप्पणियाँ करने की अनुमति नहीं दे सकते जो हमारे भविष्य को प्रभावित करती हों झ चाहे वह देश कोई भी हो, चाहे वह नियू, समोआ, टोंगा, जापान हो या, मैं कह सकता हूँ कि संयुक्त राज्य अमेरिका हो। गोफ जनवरी 2023 से उच्चायुक्त थे। इससे पहले, उन्होंने न्याय, विदेश मामलों और रक्षा सहित कई मंत्री पदों पर कार्य किया। पूर्व प्रधानमंत्री ने गॉफ का समर्थन किया इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री हेलेन क्लार्क ने गॉफ की बर्खास्तगी की आलोचना करते हुए कहा कि यह किसी उच्चायुक्त को पद से हटाने का सबसे कमजोर बहाना है। गॉफ ने जो भी कहा सही कहा। 1999 से 2008 तक न्यूजीलैंड का नेतृत्व करने वाली क्लार्क ने कहा कि गॉफ जब पिछले महीने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शामिल हुई थे, तब लोगों ने म्यूनिख घटना और वर्तमान अमेरिकी कार्रवाइयों के बीच समानताएं बताईं।

# यूएई में 2 और भारतीयों को मौत की सजा

## हत्या के दोषी थे, 19 दिन पहले वहां यूपी की महिला को फांसी हुई थी

**एजेंसी**

अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दो और भारतीय नागरिकों को फांसी दी गई है। दोनों हत्या के दोषी ठहराए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय विदेश मंत्रालय ने फांसी दिए जाने की पुष्टि की है। यूएई अधिकारियों ने 28 फरवरी 2025 को भारत के दूतावास को सूचित किया कि दोनों को फांसी दे दी गई है। फांसी किस तारीख को दी गई, यह अभी साफ नहीं है। दोनों केरल के हैं। उनके नाम मोहम्मद रिनाश अरंगीलोट्टू और मुरलीधरन पेरुमथट्टा वलाप्पिल हैं। भारत ने क्षमादान की अपील की थी,



कोर्ट ने ठुकराया विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय दूतावास ने दया याचिका और क्षमादान के लिए अपील की थी, लेकिन यूएई की सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा को बरकरार रखा। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों के परिवारों को फांसी की सूचना दे दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिनाश अल ऐन में एक ट्रैवल एजेंसी में काम करता था। उसने वअए के नागरिक की हत्या की थी। वहीं, मुरलीधरन को एक भारतीय शख्स की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि उसने दोनों को हर संभव कानूनी मदद मुहैया कराई। मंत्रालय दोनों के परिवार के सदस्यों को अंतिम संस्कार में शामिल होने की व्यवस्था करने की कोशिश कर रहा है। विदेशी धरती पर मौत की सजा पाए भारतीयों की सबसे अधिक संख्या यूएई में है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने 13 फरवरी को राज्यसभा को बताया था कि वहां पर 29 भारतीयों को मौत की सजा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, उत्तर प्रदेश के बांदा की रहने वाली 33 साल की शहजादी खान और केरल के 2 युवकों को सजा सुनाए जाने के बाद यह संख्या घटकर 26 हो गई है। यूएई में शहजादी खान को 15 फरवरी को फांसी दी गई थी। शहजादी पर 4 महीने के बच्चे की हत्या का आरोप था। वह 2 साल से दुबई की जेल में बंद थी। कोर्ट ने 4 महीने पहले उसे फांसी की सजा सुनाई थी। उसे 5 मार्च को यूएई में ही दफना दिया गया। शहजादी बांदा के मटौंध थाना क्षेत्र के गांव गोयरा मुगली की रहने वाली थी। दुबई जाने से पहले शहजादी सामाजिक संस्था 'रोटी बैंक' में काम करती थी। साल 2021 में उसका फेसबुक के जरिए आगरा में रहने वाले उजैर से संपर्क हुआ। उजैर ने झूठ बोल कर शहजादी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। शहजादी का चेहरा एक साइड से बचपन में झुलस गया था।

# जयशंकर बोले- पीओके मिलते ही कश्मीर मुद्दा खत्म होगा

## ज्यादातर मामला सुलझ चुका है; ट्रम्प के एक्शन से भारत को फायदा पहुंचेगा

**एजेंसी**

लंदन, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कश्मीर को लेकर कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को खाली करने से यह मुद्दा पूरी तरह से हल हो जाएगा। जयशंकर ब्रिटेन के दौरे पर हैं। वे 5 मार्च को लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक के एक कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। जयशंकर से सवाल पूछा गया था कि क्या प्रधानमंत्री मोदी कश्मीर मुद्दे का हल निकालने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश नीति में बदलाव का भारत को फायदा मिलेगा। जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति में बदलाव उम्मीद के मुताबिक है। यह कई मायनों में भारत के अनुकूल है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के एक्शन से दुनिया नई व्यवस्था की तरफ बढ़ रही है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमने कश्मीर के ज्यादातर मुद्दों का हल निकाल लिया है। अनुच्छेद 370 को हटाना पहला कदम था। फिर कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधियों और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था। चुनाव कराना, जिसमें काफी वोटिंग हुई, तीसरा कदम था। जयशंकर ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हम जिस हिस्से का इंतजार कर रहे



हैं, वह कश्मीर के उस हिस्से की वापसी है, जिसे चोरी से पाकिस्तान ने अपने पास रखा है। जब यह हो जाएगा तो मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि कश्मीर का मसला हल हो जाएगा। भारत चीन के साथ किस तरह का रिश्ता चाहता है? इस सवाल पर जयशंकर ने कहा कि हमारे बीच बहुत ही अनोखा रिश्ता है। हम दुनिया के दो ऐसे देश हैं जिनकी आबादी एक अरब से ज्यादा है। हम दोनों का इतिहास बहुत पुराना है, जिसमें समय के साथ उतार-चढ़ाव आए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि आज दोनों देश आगे बढ़ रहे हैं और हम पड़ोसी भी हैं। चुनौती यह है कि जैसे-जैसे कोई देश आगे बढ़ता है, दुनिया और उसके पड़ोसियों के साथ उसका संतुलन बदलता जाता है। मुख्य मुद्दा यह है कि कैसे एक स्थिर संतुलन बनाया जाए। जयशंकर ने कहा कि हम एक स्थिर संबंध चाहते हैं, जहां हमारे हितों का सम्मान किया जाए। वास्तव में हमारे रिश्ते में यही मुख्य चुनौती है। जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए सीमा एक अहम पहलू है। पिछले 40 साल में यह धारणा रही है कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता रिश्ते को बढ़ाने के लिए जरूरी है। यदि सीमा अस्थिर है या उसमें शांति का अभाव है, तो यह निश्चित रूप से हमारे संबंधों को प्रभावित करेगा। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 3 मार्च को ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं में भारत-ब्रिटेन संबंधों पर चर्चा हुई। इस बातचीत में यूक्रेन, बांग्लादेश, पश्चिम एशिया और राष्ट्रमंडल के साथ व्यापार समझौते और रणनीतिक सहयोग पर भी बात हुई। दोनों नेताओं यह बैठक इंग्लैंड के केंट में स्थित शेवेनिंग हाउस में हुई। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्री की पत्नी क्योको जयशंकर और ब्रिटिश विदेश मंत्री की पत्नी निकोला ग्रीन भी मौजूद थीं।

# साउथ कोरिया के फाइटर जेट की अपने लोगों पर बमबारी

## 8 में एक ही बम फटा, 15 जख्मी; पायलट की गलती से हुआ हमला

**एजेंसी**

सियोल, साउथ कोरिया में एक फाइटर जेट ने मिलिट्री एक्सरसाइज के दौरान गलती से अपने ही नागरिकों पर 8 बम गिरा दिए। इसमें 15 लोग घायल हो गए। 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वायुसेना ने कहा कि पायलट ने गलत ठिकाना दर्ज कर लिया था। इस वजह से बम उन जगहों पर गिरे, जहां लोग रहते हैं। फिलहाल सैन्य अभ्यास को रद्द कर दिया गया है। इस घटना में एक चर्च और घर को नुकसान पहुंचा है। यह घटना गुरुवार को स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे



उत्तर कोरिया की सीमा के पास पोचियोन शहर में हुई। माना जा रहा है कि 8 बमों में से सिर्फ एक बम फटा। सुरक्षा अधिकारी बाकी बचे 7 बम को नष्ट पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। अमेरिकी सेना के साथ चल रहा थी जॉइंट एक्सरसाइज साउथ कोरियाई वायुसेना ने कहा कि हम अमेरिकी वायुसेना के साथ जॉइंट एक्सरसाइज से पहले अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान ङ्क्र-16 फाइटर जेट ने गलती से टङ-82 वाले 8 बम गिरा दिए। फाइटर जेट ने जो बम गिराए वे फायरिंग रेंज के बाहर गिरे।

घटना की जांच में जुटी वायुसेना दक्षिण कोरिया की वायुसेना ने कहा कि वह घटना की जांच कर रही है और नुकसान के लिए माफी मांगती है। साथ ही कहा कि वह प्रभावित लोगों को मुआवजा देगी। इलाके के आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। इस घटना में घायल 60 साल के शख्स ने कहा कि जब वह गाड़ी चला रहा था, तब उसने धमाके की आवाज सुनी। इसके बाद जब उसकी आंख खुली तो वह एम्बुलेंस में था। उसकी गर्दन में बम का छर्रा लगा है। हॉस्पिटल में उसका इलाज चल रहा है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका 10 मार्च से 20 मार्च तक जॉइंट एक्सरसाइज करने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के व्हाइट हाउस में लौटने के बाद यह पहला अभ्यास है। यह ऐसे समय में हुआ है, जब दोनों देश उत्तर कोरिया और रूस के बीच बढ़ते गठबंधन को लेकर चिंतित हैं।

# भुसावल मंडल में 69वां रेल सप्ताह 2024 का आयोजन











**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

भुसावल, 06 मार्च 2025 झ भुसावल मंडल में 69वें रेल सप्ताह 2024 का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर उन्हें प्रेरित करना था। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को रेल सेवा पुरस्कार एवं विशेष योगदान देने वाली इकाइयों को सम्मानचिन्ह (शिल्ड) प्रदान किए गए। समारोह का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्रीमती इति पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने भुसावल मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की एवं भविष्य में भी इसी समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रेलवे सप्ताह के अंतर्गत अति विशिष्ट एवं विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्राप्त 05 अधिकारियों एवं 13 कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 165 रेल कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, मंडल के विभिन्न डिपो को 18 शिल्ड एवं 18 समूहों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम की प्रस्तावना वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री एन. एस. काजी ने की। उन्होंने रेल सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को प्रेरित करने एवं सेवा में निष्ठा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री पुष्पेंद्र कापडे ने किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) श्री सुनील कुमार सुमन, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) श्री एम. के. मीना, मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी, मंडल महिला कल्याण समिति के सदस्य, यूनियन पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। 69वां रेल सप्ताह 2024 भुसावल मंडल के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। इस आयोजन के माध्यम से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया गया तथा उनकी उत्कृष्ट सेवाओं का सम्मान किया गया। भविष्य में भी भुसावल मंडल इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करता रहेगा, ऐसा विश्वास मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पांडेय ने व्यक्त किया।

# चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन

पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशन से होकर गुजरेगी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

जबलपुर 06 मार्च। रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होली स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 07709/07710 चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन दो-दो ट्रिप चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर, सतना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 07709 चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 09 एवं 19 मार्च 2025 को चर्लपल्ली स्टेशन से दोपहर 15:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 06:05 बजे, पिपरिया 07:02 बजे, नरसिंहपुर 08:00 बजे, मदन महल 09:50 बजे, कटनी 11:20 बजे, मैहर 12:20 बजे, सतना 13:00 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए रात्रि 23:55 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। (02 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 07710 दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन दिनांक 11 एवं 21 मार्च 2025 को दोपहर 15:15 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:00 बजे, मैहर 01:35 बजे, कटनी 02:45 बजे, मदन महल भोर 04:15 बजे, नरसिंहपुर 05:20 बजे, पिपरिया 07:40 बजे, इटारसी 09:30 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए रात्रि 23:45 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी। (02 ट्रिप)

ठहरावः- काजीपेट जंक्शन, पेद्दापल्ली, रामगुंडम, मंचेरियल, बेलमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा।

कोच संरचनाः- 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 2 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (इकोनॉमी), 9 शयनयान श्रेणी, 1 सामान्य श्रेणी एवं 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटर कर।

यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन से प्राप्त कर सकते है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**विभाग : मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) का विभाग

| | |
|---|---|
| विभाग | मु. अभि. (यां. एवं वि.) |
| उप विभाग | उप मु. अभि. (यां. एवं वि.) शहर |
| बोली क्रमांक | 2025_एमसीजीएम_1157524_1 |
| विषय | कुलाबा फायर स्टेशन में साइन बोर्ड की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. |
| जांच शुल्क | रु. 3300/- + 18% जीएसटी |
| ई-निविदा का शुल्क (अनुमानित लागत) | रु. 14,49,844.00 (जीएसटी छोड़कर) |
| बोली सुरक्षा जमाराशि/ईएमडी | रु. 17,200.00/- |
| निविदा जारी करने तथा बिक्री की तिथि | 07.03.2025, 11.00 बजे |
| बोली सुरक्षा जमाराशि की स्वीकृति तथा निविदा की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | 13.03.2025 को 16.00 बजे |
| लिफाफा ए, बी और लिफाफा सी जमा करना (ऑनलाइन) | 13.03.2025, 16.00 बजे |
| पूर्व-बोली बैठक | -- |
| लिफाफा ए का खुलना | 14.03.2025, 16.01 बजे |
| लिफाफा बी का खुलना | 14.03.2025, 16.02 बजे |
| लिफाफा सी का खुलना | 18.03.2025, 13.00 बजे |
| वेबसाइट | **http://portal.mcgm.gov.in** |
| पत्राचार हेतु पता | कार्यालय : ई.ई. मेके. (ई.आई.) मेंटे., एमसीजीएम<br>मनपा वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखला, मुंबई – 400 008 |
| बोली खुलने का स्थान | ई.ई.मेके. (ई.आई.) मेंटे. के कार्यालय में ऑनलाइन. |

उक्त निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय हैं.
एमसीजीएम के पास बिना कोई कारण दर्शाए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

**हस्ता./-**
**ई.ई.मेके. (ई.आई.) मेंटे.**

**पीआरओ/2720/विज्ञा./2024-25**

**अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.**

# मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 2 कर्मचारियों को महाप्रबंधक का संरक्षा पुरस्कार

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने 04.03.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 2 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिए गए। पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय सुरक्षा कार्य के लिए एक प्रशस्ति पत्र और ? 2000/- की नगद राशि शामिल है।

1. श्री मनीष राज, उप स्टेशन प्रबंधक, परिचालन, मरतुर

दिनांक 14.01.2025 को जब रिले रूम के एसी स्टेबलाइजर में आग लग गई, तो उन्होंने सभी संबंधितों को सूचित किया और अग्निशामक यंत्र से आग बुझाई। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण एक अप्रिय घटना





टल गई।

2. श्री कुमार अमन राज, लोको पायलट (गुड), इलेक्ट्रिकल, वाडी

दिनांक 16.01.2025 को मालगाड़ी चलाते समय उन्होंने ट्रैक पर एक ट्रैक्टर को गिरते देखा। उन्होंने आपातकालीन ब्रेक लगाए और टक्कर से पहले ट्रेन को रोक दिया। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण एक दुर्घटना टल गई।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेताओं





को बधाई दी और उनकी सतर्कता और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सतर्कता और बहादुरी के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने और माल और रेलवे संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। सोलापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) डॉ. सुजीत मिश्रा ने पुरस्कार विजेता कर्मचारियों की सराहना की। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री चंद्र किशोर प्रसाद, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षेप

### रियल एस्टेट कारोबारी का सुसाइड मामला

**आरोपी प्रॉपर्टी डीलर फरार, कई को बना चुका है निशाना, जांच में सामने आ सकते हैं प्रतिष्ठित नाम**

सुलतानपुर, शहर के दरियापुर में रेल ट्रैक पर रियल एस्टेट कारोबारी नरेश माहेश्वरी का शव दो हिस्सों में मिला था। मालगाड़ी से कटकर सुसाइड करने वाले नरेश के सुसाइड नोट से मामले का खुलासा हुआ। पत्नी ने बताया इन तीन लोगों को आरोपी मृतक की पत्नी चंचल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सुसाइड नोट में तीन लोगों को जिम्मेदार ठहराया गया है। इनमें प्रॉपर्टी डीलर श्रीकृष्ण सोनी उर्फ बब्लू उर्फ टिक्कू, मुंबई निवासी साढ़ू गगनदीप सिंह और बंगलुरू के शरण प्रदीप देसाई शामिल हैं। चंचल के अनुसार, श्रीकृष्ण सोनी ने उनके पति से पैसे लिए थे। पैसे वापस नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। घटना वाले दिन सुबह नरेश ने श्रीकृष्ण सोनी और अन्य लोगों से पैसों की वापसी के लिए फोन पर बात की थी। 48 घंटे बाद भी हैं पुलिस के हाथ खाली पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी प्रॉपर्टी डीलर ने कई अन्य लोगों को भी अपना शिकार बनाया है। सूत्रों के अनुसार, मामले की गहन जांच से कई प्रतिष्ठित लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। घटना के 48 घंटे बाद भी मुख्य आरोपी फरार है। एएसपी अखंड प्रताप सिंह के मुताबिक मामले की जांच जारी है। भूमाफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

### ट्रांसफॉर्मर से एक घंटे तक लटका रहा लाइनमैन

**अमरोहा में बिजली मरम्मत कर रहा था, अचानक सप्लाई चालू होने से लगा झटका, गंभीर**

अमरोहा, अहरोई बिजली घर क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई है। एक लाइनमैन ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कर रहा था। इस दौरान अचानक बिजली सप्लाई चालू हो गई। लाइनमैन सोनू करीब एक घंटे तक ट्रांसफॉर्मर पर लटका रहा। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। करंट लगने से लाइनमैन की स्थिति गंभीर हो गई। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### अंगूर से भरी पिकअप बिजली के पोल से टकराई

**अमरोहा में चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान, 10 कुंतल माल हुआ बर्बाद**

अमरोहा, गजरौला में नेशनल हाईवे 9 पर एक बड़ा हादसा हुआ। मुरादाबाद से मेरठ जा रही अंगूर से भरी पिकअप वाहन रोड पर पड़े बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर की वजह से पिकअप का स्टेरिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप चालक मुशाहिद और उनके परिचालक ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही गाड़ी में लदा करीब दस कुंतल अंगूर भी बर्बाद हो गया।

# माफिया अतीक के करीबियों पर पीडीए का एक्शन जारी

**प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने करीबी जैद की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ की कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, माफिया अतीक अहमद के करीबियों के खिलाफ पीडीए की कार्रवाई लगातार जारी है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से बुधवार को अभियान चलाकर अतीक अहमद के करीबी जैद की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। अतीक के करीबी रहे जैद खालिद का नाम उस समय प्रकाश में आया था, जब अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या हुई थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ पर बुधवार को मरियाडीह के रसूलपुर में जैद खालिद की तरफ से की गई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके लिए पीडीए की तरफ से विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 25 बीघा में की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। अभियान में कई प्लांटों की वाल बाउंड्री को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पीडीए के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, सुपरवाइजर, पीडीए प्रवर्तन दल के सदस्य, पुरा मुफ्ती थाना की पुलिस फोर्स मौजूद रही। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद से लगातार उनके करीबियों के खिलाफ पुलिस के साथ ही अन्य विभागों की तरफ से कार्रवाई की जा रही है। इसमें विशेष रूप से प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को लेकर कार्रवाई शामिल है। ऐसे में पीडीए की तरफ से की गई कार्रवाई को भी माफियाओं और उनके करीबियों के खिलाफ सरकार की सख्ती को लेकर देखा जा रहा है।

# याचिका दाखिला करने में फजीवाड़ा, वकील से स्पष्टीकरण

**जालौन का मामला; रिसीव लिखकर याचिका दाखिल की, बाद में रिसीविंग फर्जी निकली**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल करने में फजीवाड़े के लिए याची के अधिवक्ता से दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि यह कैसे हुआ। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने जालौन की समुद्री देवी की याचिका पर दिया है। गांव सभा के अधिवक्ता दीपक गौर ने आरोप लगाया कि याचिका की कॉपी उन्हें नहीं दी गई और रिसीव दिखाकर (लिखकर) याचिका दाखिल कर दी गई। उनकी ओर से रिसीव फर्जी दर्ज किया गया है। जब याचिका सुनवाई के लिए पेश हुई तो याची के अधिवक्ता संतोष कुमार कोर्ट में नहीं थे। विपक्षी गांव सभा के अधिवक्ता दीपक गौर ने आपत्ति की कि याचिका की कॉपी उन्हें नहीं दी गई है लेकिन याचिका पर उन्हें प्राप्त हो गई है, की प्रविष्टि दर्ज है, जो पूर्णतया फर्जी है। विपक्षी के अधिवक्ता को याचिका की कॉपी देने के लिए संपर्क ही नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने याची के अधिवक्ता से स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने निबंधक अनुपालन को 48 घंटे में याची के अधिवक्ता संतोष कुमार को आदेश की जानकारी देने का निर्देश दिया है।

# नाबालिग ने चलाई कार, बिजली के खंभे से टकराई

**अमेठी के जायस में हुआ हादसा, चालक को मामूली चोटें**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जायस कोतवाली के नसीराबाद रोड पर आज सुबह एक नाबालिग द्वारा चलाई जा रही कार बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने नाबालिग चालक को कार से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तुरंत बच्चे के परिजनों को सूचित किया। परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चे को घर ले गए। परिवहन विभाग लगातार सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है। विभाग वाहन मालिकों से नाबालिगों को वाहन न देने की अपील कर रहा है। इसके साथ ही सीट बेल्ट और हेलमेट के उपयोग पर भी जोर दिया जा रहा है। यातायात विशेषज्ञों का कहना है कि नाबालिग वाहन चालक न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में डालते हैं। वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस तरह की घटनाएं सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती हैं।



# तलाकशुदा महिला को पूर्व पति कर रहा परेशान

**इंस्टाग्राम पर कर रहा अश्लील फोटो और वीडियो शेयर, दूसरी शादी में डाल रहा रुकावट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, गोसाईंगंज की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी करीब 6 साल पहले इब्राहिम से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद उन्हें पता चला कि उनके पति की पहले से एक पत्नी और बच्चे हैं। उसने इस बारे में विरोध किया तो पति ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद वह अपने मायके चली आईं।

मायके आने के बाद भी पति गाली-गलौज करता रहा। फिर दोनों परिवारों और गांव के कुछ प्रतिष्ठित लोगों की मौजूदगी में तलाक हो गया। पीड़िता के परिवार वाले उसकी दूसरी शादी की तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच उसका पूर्व पति उसे परेशान कर रहा है। वह पीड़िता के मोबाइल नंबर और इंस्टाग्राम अकाउंट पर अश्लील फोटो और वीडियो शेयर कर रहा है। साथ ही अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर परेशान कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसके पूर्व पति ने उसकी फोटो को एक वकील की तस्वीर के साथ जोड़कर भी अश्लील कमेंट किए हैं। इन हरकतों से उनकी बदनामी हो रही है और दूसरी शादी में भी परेशानी हो रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# साइबर क्राइम से बचाव के लिए विशेष मुहिम

**पुलिस ने नागरिकों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के तरीके बताए गए। पुलिस ने लोगों को सावधान किया कि वे किसी को भी अपना ओटीपी न बताएं। अनजान वीडियो कॉल्स को रिसीव न करें। लॉटरी या ईनाम के झांसे में न आएं। किसी अजनबी को यूपीआई पिन की जानकारी न दें। विशेष रूप से स्क्रीन शेयरिंग एप्स के बारे में चेतावनी दी गई। एनी डेस्क, क्वीक सपोर्ट, टीमव्यूवर, स्क्रीन मिरर जैसे एप्स को अनजान लोगों के कहने पर इंस्टॉल न करें। साइबर अपराध की शिकायत के लिए जिले में साइबर क्राइम पुलिस थाना और सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क की सुविधा उपलब्ध है। लोगों को बताया गया कि वे किसी भी साइबर अपराध की सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दर्ज कराएं।



सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी फोटो या निजी जानकारी साझा न करें। महिलाओं के लिए विशेष रूप से महिला हेल्प डेस्क की सुविधा भी उपलब्ध है।

# शादी में रिश्तेदार बनकर चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**मथुरा में दुल्हन के चाचा का 1.60 लाख रुपये का बैग चुराया, 50 हजार बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, हाईवे थाना क्षेत्र में एक विवाह समारोह के दौरान बड़ी वारदात सामने आई है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों शादी समारोह में रिश्तेदार बनकर पहुंचे थे। घटना 15 फरवरी की है। मीरा मगन पैराडाइज में मगोर्रा निवासी गजेंद्र की भतीजी की शादी थी।


दो युवक शादी में शामिल हुए और गजेंद्र सिंह के बड़े बैग में रखे छोटे बैग को चुरा लिया। इस बैग में 1.60 लाख रुपये की नकदी थी।

चोरी का पता चलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया। बालाजीपुरम चौकी प्रभारी मोनू कुमार ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गोविंद नगर के नई बस्ती बद्रीनगर निवासी रोहित कुरैशी और शहर कोतवाली के सुखदेव नगर निवासी इरशाद पहलवान के रूप में हुई। तलाशी में उनसे 50 हजार रुपये बरामद हुए। थाना प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया कि दोनों आरोपी शातिर चोर हैं। ये शादी-विवाह में रिश्तेदार बनकर घुसते हैं और मौका देखकर चोरी करते हैं। रोहित कुरैशी पर विभिन्न थानों में 7 और इरशाद पर 2 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने कार्यवाही कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

# अलीगढ़ में पकड़ा गया फर्जी अधिवक्ता

**लोगों की शिकायत के बाद बार एसोसिएशन ने की पूछताछ, पीड़ित से लिए थे 7.10 लाख**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, जिला न्यायालय में बुधवार को एक फर्जी अधिवक्ता पकड़ा गया है। वह लंबे समय से कोर्ट में दूसरे अधिवक्ता के नाम पर काम कर रहा था। आरोपी ने एक व्यक्ति से उसका काम कराने के नाम पर 7.10 लाख रुपए लिए थे, लेकिन उसे टहला रहा था। लगातार टाल मटोल होने पर पीड़ित ने सारे मामले की शिकायत दि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से की थी। पीड़ित की शिकायत के बाद बार एसोसिएशन की टीम ने मामले की जांच की, जिसमें आरोपी को पकड़ लिया गया। जांच में पता चला कि आरोपी अधिवक्ता है ही नहीं और कोर्ट में वकील बनकर घूमता है। दि बार एसोसिएशन में एटा चुंगी में रहने वाले अजय कुमार शर्मा ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि कृपा शंकर नाम के एक वकील ने उनसे एक केस के मामले में 7.10 लाख रुपए लिए हैं। लेकिन उनका काम नहीं हो रहा है और वह लगातार उन्हें टहला रहा है। जब बार एसोसिएशन ने अपना रिकॉर्ड देखा तो इस नाम का कोई अधिवक्ता बार एसोसिएशन में पंजीकृत था ही नहीं। जिसके बाद टीम ने पीड़ित के साथ आरोपी की तलाश शुरू की। जब टीम ने आरोपी को पकड़ा तो पता चला कि वह खुद अधिवक्ता है ही नहीं। वह अलीगढ़ कोर्ट में अजय पाठक के नाम से प्रैक्टिस कर रहा था। आरोपी फर्जी अधिवक्ता को पकड़ने के बाद दि बार एसोसिएशन की टीम उससे देर शाम तक पूछताछ करती रही। जिसमें पता चला कि कृपा शंकर पिछले 6-7 सालों से अजय पाठक के नाम से काम कर रहा है। हर दिन वह वकीलों की ड्रेस में ही कचहरी आता था और लोगों से मिलता था।

फिलहाल आरोपी के खिलाफ बार एसोसिएशन की ओर से देर शाम तक कोई तहरीर नहीं दी गई। पदाधिकारियों ने बताया कि अभी एसोसिएशन की टीम ही आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसके बाद सिविल लाइंस थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# होली पर प्राकृतिक रंगों को बढ़ावा

**स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बनाया हर्बल गुलाल, सीडीओ ने की पहल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हापुड़, वर्ष होली के त्योहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने की पहल की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हर्बल गुलाल तैयार किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वयं भी महिलाओं से हर्बल गुलाल खरीदा। उन्होंने बताया कि यह गुलाल पूर्णतः ऑर्गेनिक है और इसमें किसी प्रकार के केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जनपद की सभी तहसीलों और ब्लॉक स्तर पर स्टॉल लगवाए जाएं। इससे महिलाओं द्वारा बनाए गए प्राकृतिक रंगों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल शासन की उस मंशा के अनुरूप है जिसमें होली के त्योहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने पर जोर दिया गया है। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

# होली-रमजान पर शांति बनाए रखने की अपील

**एसडीएम-सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक, हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना में आज होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में एसडीएम पंकज कुमार और सीओ अतुल सिंह ने अध्यक्षता की। सीओ मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी को सौंपी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी तनुज कुमार पाल ने त्योहारों के दौरान नशा न करने की हिदायत दी। उन्होंने तेज रफ्तार वाहन चलाने से भी मना किया। सभी से सुरक्षित माहौल में त्योहार मनाने का आग्रह किया।

# शराब दुकानों की हुई ई-लॉटरी

**233 दुकानों के लिए 1307 आवेदन, आबकारी विभाग को 15 करोड़ का राजस्व**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, कलेक्ट्रेट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शराब दुकानों की ई लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। नोडल अधिकारी पंकज कुमार और डीएम की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। लॉटरी से दुकान पाने वाले लोगों के चेहरे पर मुस्कान छा गई तो जिन्हें दुकान नहीं मिली वह मायूस होकर अपने घर के लिए रवाना हो गए। इस बार शराब की दुकानों की लॉटरी में अमेठी की आबकारी विभाग को 15 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। दरअसल आज अमेठी कलेक्ट्रेट में शराब की दुकानों के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमेठी कलेक्ट्रेट में लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन संपन्न हुआ। अमेठी के नोडल अधिकारी पंकज कुमार और डीएम निशा अनंत की मौजूदगी में दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ। वहीं सुरक्षा को लेकर भी पूरे कलेक्ट्रेट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और जांच के बाद ही आवेदन कताओं को अंदर जाने दिया गया। ई-लाटरी के माध्यम से जिन लोगों को दुकानों का आवंटन मिला। उनके चेहरे पर मुस्कान छा गई तो जिनका नाम ई-लाटरी में नहीं आया। वो मायूस होकर घर के लिए रवाना हो गए। परिणाम को देखने के लिए सभागार के बाहर भी प्रोजेक्टर लगाया गया था।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।